मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, रविवार, 13 जुलाई 2025
संवत 2082, श्रावण कृष्ण तीन संवत मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 309, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ श्रावणी मेला देवघर
ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, तोड़ दिया सर विवियन रिचर्ड्स का सालों पुराना यह रिकॉर्ड ◀◀ 6

# झामुमो का आधिकारिक एक्स हैंडल हैक, सीएम सोरेन ने दी जानकारी



**संवाददाता**

**रांची :** सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के आधिकारिक एक्स हैंडल को हैक कर लिया गया है। इसकी जानकारी स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने व्यक्तिगत एक्स अकाउंट के माध्यम से दी।

उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए झारखंड पुलिस, एक्स कॉर्पोरेशन इंडिया और ग्लोबल अफेयर्स को संज्ञान लेने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, झामुमो का आधिकारिक एक्स हैंडल असामाजिक तत्वों द्वारा हैक किया गया है। झारखंड पुलिस संज्ञान लेकर इस मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करे। एक्सकॉर्पइंडिया कृपया इस मामले का संज्ञान लें।

इसके साथ ही उन्होंने ग्लोबल अफेयर्स से इस घटना पर तुरंत ध्यान देने और हैंडल को पुनः सिक्योर करने में सहयोग करने की अपील की है। झामुमो का आधिकारिक एक्स हैंडल हैक होने के बाद उसमें अनुचित और भ्रामक सामग्री पोस्ट की गई, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

झामुमो का एक्स अकाउंट हैक होने के बाद एक चूहे का फोटो पोस्ट किया गया, जिसके कैप्शन में लिखा था, लाइव ऑन बौंक। मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस को इस मामले की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करने की कई कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से यह प्रयास सफल नहीं हो पा रहा है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस हैकिंग को गंभीर अपराध बताया और उम्मीद जताई कि राज्य पुलिस इसे जल्द हल करेगी।

फिलहाल, झारखंड पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और साइबर क्राइम सेल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

साइबर अपराधियों की तरफ से इस तरह की गतिविधियां न केवल डिजिटल सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि राजनीतिक दलों के लिए भी एक गंभीर चुनौती बन रही हैं।

# नशे में धुत ड्राइवर ने ऑडी से फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचला

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वसंत विहार में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ऑडी कार ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना देर रात करीब 1.45 की बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि वसंत विहार के शिवा कैंप के सामने सड़क किनारे कुछ लोग परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार ऑडी कार आई और लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।



हादसे में घायल लोगों की पहचान 40 वर्षीय लाधी, उनकी 8 साल की बेटी बिमला, पति साबामी उर्फ चिरमा (45), 45 वर्षीय राम चंदर और उनकी पत्नी 35 वर्षीय नारायणी के रूप में हुई है। ये सभी राजस्थान के रहने वाले हैं और वर्तमान में दिल्ली में दिहाड़ी मजदूरी का काम कर रहे थे।हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो बताया गया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया है।

पुलिस ने मौके से आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान 40 वर्षीय उत्सव शेखर के रूप में हुई है, जो द्वारका का निवासी है। जांच में सामने आया है कि हादसे के वक्त वह शराब के नशे में था। मेडिकल रिपोर्ट से भी पुष्टि हो गई है कि वह शराब पीकर गाड़ी चला रहा था।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को घटनास्थल से भागने का मौका नहीं मिला और स्थानीय लोगों की मदद से उसे वहीं पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने और जानलेवा चोट पहुंचाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# तेज रफ्तार का कहर, कंटेनर ने पुलिस जवान को कुचला, दर्दनाक मौत


**हजारीबाग:** जिले में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को तेज गति से गुजर रहे एक ट्रक की चपेट में आने से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना चरही थाना क्षेत्र के बलसगरा मोड़ पर देर रात करीब 1.30 बजे तब हुई जब राधेश्याम पांडे (43) नामक पुलिसकर्मी दो डीजल चोरों का पीछा कर रहा था। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि दुर्घटना के बाद पांडे को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि उन्हें मांडू थाने से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चरही और मांडू थानों की सीमा पर वाहनों से डीजल चुरा रहे हैं। प्रसाद ने कहा, पुलिस की एक टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य भागने में सफल रहे। पांडे भागे हुए दोनों आरोपियों का पीछा कर रहे थे, इसी दौरान तेज गति से गुजर रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।" हजारीबाग में एक महीने में गश्त कर रहे पुलिस जवान की दुर्घटना में मौत की यह दूसरी घटना है।

# तमिलनाडु में मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, टैंकरों में लगी भीषण आग, हड़कंप

**तिरुवल्लूर:** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर के पास आज एक मालगाड़ी अचानक पटरी से उतर गई। इस हादसे के चलते डीजल लेकर आ रही मालगाड़ी में भीषण आग लग गई। इससे आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया।

पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच कर आनन फानन में आग पर कापू पाने का अभियान चलाया। साथ ही आस पास से इलाकों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा। इस हादसे में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार चेन्नई बंदरगाह से ईंधन लेकर आ रही एक मालगाड़ी तिरुवल्लूर के पास अचानक पटरी से उतर गई।



मालगाड़ी से डीजल ले जाया जा रहा था। दुर्भाग्य से ईंधन से भरे टैंकरों में आग लग गई। भीषण आग के कारण आसपास का इलाका धुएँ से भर गया। मालगाड़ी में ईंधन की अधिकता के कारण आग के और फैलने की आशंका है। अब तक पाँच डिब्बे पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुके हैं। इससे आस पास के इलाकों में भी खतरा मंडराने लगा है।

आग लगने की सूचना पाकर दमकल विभाग आग बुझाने के लिए संघर्ष कर रहा है। फिलहाल, 10 से अधिक दमकल गाड़ियाँ आग बुझाने में लगी हुई है। आग लगने के बाद पुलिस आस-पास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों को निकालने का काम कर रही है। साथ ही, घरों की बिजली आपूर्ति भी काट दी गई है। जिला कलेक्टर प्रताप ने घटनास्थल का दौरा कियाः तिरुवल्लूर के जिला कलेक्टर प्रताप ने घटनास्थल का दौरा किया है और अग्निशमन अभियान तेज कर दिया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बचाव कार्य के लिए अरक्कोणम से आपदा राहत दल मौके पर पहुँच गए हैं। तमिलनाडु के मंत्री नासर ने घटनास्थल का दौरा कियाः इसके अलावा, तमिलनाडु के मंत्री नासर ने घटनास्थल का दौरा किया।




प्यू रिसर्च सेंटर की नई रिपोर्ट

# विश्व की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश बन जाएगा भारत



**नई दिल्ली:** साल 2010 से 2020 के बीच मुस्लिम समुदाय दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला धार्मिक समूह बनकर सामने आया है। प्यू रिसर्च सेंटर की नई रिपोर्ट 2010 से 2020 तक वैश्विक धार्मिक परिदृश्य के मुताबिक, इस दौरान मुस्लिम आबादी में करीब 34.7 करोड़ की बढ़ोतरी हुई, जो सभी अन्य बड़े धर्मों की कुल वृद्धि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2010 में मुस्लिम आबादी का वैश्विक हिस्सा 23.9% था जो 2020 में बढ़कर 25.6% हो गया। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर मुस्लिम समाज में ऊंची जन्म दर और युवाओं की बड़ी संख्या की वजह से हुई है। प्यू के विशेषज्ञों ने बताया कि धर्म परिवर्तन का इसमें बेहद कम योगदान है। विश्व की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रहती है। यहां 2010 से 2020 के बीच मुस्लिम आबादी में 16.2% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में मुस्लिम आबादी कुल जनसंख्या का 94% से भी अधिक है, जबकि उप-सहारा अफ्रीका में यह 33% है।

**भारत में क्या बदल रहा? :** भारत में भी मुस्लिम आबादी का हिस्सा बढ़ा है। 2010 में भारत की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 14.3% थी जो 2020 में बढ़कर 15.2% हो गई। इस दौरान भारत में करीब 3.56 करोड़ मुसलमान बढ़े हैं। वहीं हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 80% से घटकर 79% रह गई।

**हिंदू समुदाय की स्थिति :** रिपोर्ट बताती है कि हिंदू आबादी में 12% की वृद्धि दर्ज की गई, जो दुनिया की कुल जनसंख्या वृद्धि दर के बराबर है। 2020 में दुनिया में हिंदू आबादी 1.2 अरब रही जो वैश्विक आबादी का 14.9% हिस्सा है। प्यू के मुताबिक, हिंदू धर्म में धर्म-परिवर्तन की दर लगभग ना के बराबर है और इनकी प्रजनन दर भी औसत के करीब है, इसी कारण इनकी हिस्सेदारी स्थिर बनी हुई है। भारत, नेपाल और मॉरीशस जैसे देशों में हिंदू सबसे बड़ा धार्मिक समूह हैं।

**ईसाई घटे, नास्तिक बढ़े :** ईसाई धर्म के अनुयायियों की संख्या 2010 में 2.18 अरब थी, जो 2020 में बढ़कर 2.3 अरब हो गई, लेकिन वैश्विक हिस्सेदारी 30.6% से घटकर 28.8% रह गई। इसका मुख्य कारण यूरोप और अमेरिका जैसे इलाकों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा ईसाई धर्म छोड़ना है। इसके विपरीत, धार्मिक रूप से असंबद्ध यानी नास्तिक लोगों की संख्या में 27 करोड़ की बढ़ोतरी हुई और यह आंकड़ा अब 1.9 अरब तक पहुंच गया है। इस लिहाज से नास्तिक आबादी अब मुस्लिमों के बाद दूसरा सबसे तेजी से बढ़ने वाला समूह बन गई है।

**भविष्य का अनुमान :** प्यू रिसर्च का कहना है कि अगर यही रुझान जारी रहे तो 2050 तक मुस्लिम और ईसाई आबादी लगभग बराबर हो सकती है। तब मुस्लिम जनसंख्या 2.8 अरब और ईसाई जनसंख्या 2.9 अरब तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में यह भी अनुमान है कि भारत 2050 तक इंडोनेशिया को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम बहुल देश बन सकता है। वहीं हिंदू आबादी भी बढ़कर करीब 1.4 अरब हो जाएगी।

**मुस्लिम आबादी क्यों बढ़ रही है? :** मुस्लिम समुदाय में औसतन जन्म दर सबसे ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक, एक मुस्लिम महिला औसतन 2.9 बच्चे पैदा करती है, जबकि गैर-मुस्लिम महिला का औसत 2.2 है। इसके अलावा मुस्लिम समाज में युवाओं की आबादी का हिस्सा ज्यादा है 2010 में दुनिया के कुल मुस्लिमों में से 35% की उम्र 15 साल से कम थी। रिपोर्ट साफ कहती है कि हिंदू और मुस्लिम समुदाय धर्म-परिवर्तन के लिहाज से सबसे स्थिर हैं। आबादी में बदलाव का सबसे बड़ा कारण सिर्फ इनकी ऊंची जन्म दर और युवाओं का बड़ा हिस्सा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## प्रेमी के साथ महिला की फोटो हुई वायरल, सल्फास खाकर दी जान

चतराः एक्सट्रा मैरिटल अफेयर ने एक महिला का जान ले लिया। प्रेमी के साथ फोटो वायरल होने के बाद महिला ने शनिवार की सुबह सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक महिला सोनी देवी (32) कुंदा थाना क्षेत्र के मांझीपाड़ा गांव निवासी रिंकू गुप्ता की पत्नी थी। सोनी देवी जेएसएलपीएस महिला समूह की सदस्य थी। वह चतरा आरसीटी में पांच दिवसीय मशरूम खेती के प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए पिछले पांच दिनों से चतरा में रह रही थी। इसी बीच मांझीपाड़ा गांव के ही रहने वाला महिला का प्रेमी बबलू गुप्ता ने अपने साथ महिला का एक फोटो उसके पति रिंकू गुप्ता को भेज दिया। इसपर आपत्ति जताते हुए रिंकू गुप्ता ने अपनी पत्नी को फोन कर डांट फटकार किया। इससे गुस्से में आकर महिला ने शहर के पेट्रोल पंप के पास टीओपी के सामने रौशन होटल के पास सल्फास खा लिया। विषपान करने के बाद महिला ने अपने पति को फोन कर जहर खा लेने की जानकारी दिया। वह वही गिर गई और छटपटाने लगी। आसपास के दुकानदारों ने घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दिया। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को सदर अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में मृतक के पति रिंकू गुप्ता ने बताया कि बबलू गुप्ता के कारण ही उसकी पत्नी ने जहर खाया है। प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर उन्होंने कुंदा मुखिया की उपस्थिति में बबलू गुप्ता पर पंचायत भी हुआ था। लेकिन बबलू गुप्ता अपनी हरकत से बाज नही आया। उन्होंने कहा कि दाह संस्कार के बाद वह बबलू गुप्ता के विरुद्ध अपनी पत्नी की हत्या का मामला दर्ज कराएगा।

## आरएनएम कॉलेज में विश्व जन संख्या दिवस पर सगोष्ठी का आयोजन

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड स्थित रामनारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज में विश्व जन संख्या दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम एनएसएस एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉक्टर फहीम अहमद एवं भूगोल विभाग की व्याख्याता प्रोफेसर पूजा सिंह ने किया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो० जैनेंद्र कुमार सिंह एवं संचालन एनएसएस की एक्टिव वॉलंटियर शौर्या कुमारी ने किया। इस वर्ष की थीम युवाओं को सशक्त बनाना ताकि वे एक न्यायपूर्ण और आशावादी विश्व में अपनी पसंद के परिवार बना सकें। इस थीम पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे।वक्ताओं ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस की शुरूआत 11 जुलाई 1987 को तब हुई थी,जब विश्व की जनसंख्या 5 अरब के आंकड़े को पार कर गई थी। इसे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा स्थापित किया गया था। ताकि जनसंख्या से जुड़े मुद्दों पर विश्व का ध्यान केंद्रित किया जा सके। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना बताया गया।परिवार नियोजन,लैंगिक समानता और स्वास्थ्य सेवाओं की अहमियत पर बल दिया गया। पर्यावरणीय असंतुलन और संसाधनों पर दबाव की ओर ध्यान आकर्षित करना भी है।. विश्व जनसंख्या दिवस के मुख्य बिंदुओं जैसे जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता,शिक्षा और जागरूकता का महत्व,परिवार नियोजन के उपाय,युवाओं की भागीदारी,पर्यावरण संतुलन बनाए रखना,सरकारी नीतियाँ और योजनाएँ,स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता,महिलाओं की भूमिका और अधिकार,सतत विकास के लक्ष्य,वैश्विक सहयोग और प्रयास पर व्यापक रूप से चर्चा किया गया। बढ़ती इस मौके छात्रा शौर्या कुमारी ने कहा कि चीन भारत की ही तरह विश्व भर में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है लेकिन विश्व में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में चीन दूसरे स्थान पर आता है वहां के टेक्नोलॉजी विकसित है वहां बेरोजगारी भारत की तुलना में कम है।चीन में जनसंख्या को आपदा की तरह नहीं बल्कि अवसर की तरह देखा जाता है। भारत युवाओं का देश है यदि यहां के युवाओं को शिक्षित, कौशल युक्त बनाया जाए तो वह अपनी स्टार्टअप स्टार्ट कर चीन के बराबरी कर सकता है। अर्थव्यवस्था जहां ग्रोथ करेगा। जिस से देश को काफी फायदा होगा। भारत के 70 करोड़ युवाओं के हाथ सफाई और वृक्षारोपण में लग जाए तो देश में एक नई क्रांति आ सकती है। भारत को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था सबसे स्वच्छ देश और नैतिक मूल्यों वाला देश बनने से कोई नहीं रोक सकताइस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो० जैनेंद्र कुमार सिंह प्रोफेसर पूजा सिंह, आदित्य कुमार,सचिन कुमार,दिलीप कुमार ने भी अपने वक्तव्य रखा। इस कार्यक्रम कॉलेज के व्याख्याता,कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## एनजीटी आदेश का उल्लंघन करना बालू तस्करों को पड़ा महंगा

**चतरा :** मानसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों व नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है। इसके बावजूद हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र स्थित लीलांजन नदी से बालू का उठाव धड़ल्ले से हो रहा था। पुलिस को जानकारी होते ही बालू तस्करों को महंगा पड़ गया।शुक्रवार की देर रात गश्ती गाड़ी को देखकर पानी टंकी के पास से बालू लदे ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मौके से हंटरगंज पुलिस ने बालू लदे 3 ट्रैक्टरों को जब्त किया। जिसमें महेंद्रा 275 डीआई, न्यू हॉलैंड 3037 और न्यू हॉलैंड 3037 है वही तीनों का इंजन नंबर क्रमशः आरएच जी 2डीबीएन 8345, एस 325जे15161 और एस 325जे 14917 है।बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रात्रि का तस्कर फायदा उठाते हैं। इस बीच छापेमारी में पुलिस ने तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है जिससे बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस खनन अधिनियम के सुसंगत धाराओं में जब्त ट्रैक्टरो और मालिको के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को भेज दी है।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## राजद किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने राजू

**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड मुख्यालय के उपरटोला निवासी राजेंद्र दांगी उर्फ राजू लाल वर्मा को राजद पार्टी के किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर महतो ने पलामू स्थित पार्टी कार्यालय में इनका मनोनयन किया।साथ ही पत्र के माध्यम से उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक को जानकारी दिया।इस दौरान नवनियुक्त किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू लाल वर्मा ने बताया कि पार्टी जो जिम्मेवारी दिया है।पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य का निर्वहन करूंगा।साथ ही संगठन मजबूती कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं राजद पार्टी के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राजू लाल वर्मा ने पूर्व मंत्री,प्रदेश अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया है।

# रिम्स-2 निर्माण को लेकर विवाद गहराया, आदिवासी रैयतों के समर्थन में उतरा जनजाति आयोग

संवाददाता

**रांची :** कांके प्रखंड के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 के निर्माण को लेकर प्रदेश में सियासी संग्राम तेज हो गया है। एक ओर जहां स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी इस परियोजना को लेकर अडिग हैं, वहीं उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की इसके विरोध में खुलकर सामने आ गए हैं। नगड़ी के ग्रामीण रैयतों ने भी प्रस्तावित जमीन को देने से साफ इनकार कर दिया है।

ग्रामीणों और स्थानीय नेताओं का कहना है कि जिस भूमि पर रिम्स-2 के निर्माण की योजना है, वह कृषि योग्य है और वहां पर सैकड़ों वर्षों से आदिवासी समुदाय खेती कर रहा है। ग्रामीणों ने इसे अपनी आजीविका का मुख्य स्रोत बताया है। भूमि विवाद को लेकर ग्रामीणों ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को लिखित शिकायत भी की थी। इसी के आलोक में शनिवार को आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा नगड़ी गांव पहुंचीं और ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद किया।



आयोग की सदस्य डॉ. लकड़ा ने बताया कि रैयतों ने उन्हें बताया कि वे पूरी तरह खेती पर निर्भर हैं और जिस जमीन पर रिम्स-2 का निर्माण प्रस्तावित है, वह उनकी जीवनरेखा है। ग्रामीणों के अनुसार, कांके से नगड़ी की ओर पूर्वी क्षेत्र में 202 एकड़ और पश्चिमी क्षेत्र में 25 एकड़ भूमि है, जिस पर लगभग 250 परिवार निर्भर हैं। यदि यह जमीन अधिग्रहित हो जाती है, तो उनके पास न तो अंतिम संस्कार के लिए जगह बचेगी, न ही धान संग्रहण और खेती के लिए कोई भूमि।डॉ. लकड़ा ने कहा कि अनुसूचित जनजाति समाज का जीवन जल, जंगल और जमीन से जुड़ा होता है। यदि जमीन ही छिन जाएगी, तो वे पूरी तरह उजड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक दबाव के कारण ग्रामीणों को खेती करने से भी रोका जा रहा है, जिसके चलते वे सड़क पर बिचड़ा तैयार करने को मजबूर हैं। वहीं कई ग्रामीणों पर केस दर्ज कर जेल भेजा गया, हालांकि अब वे जेल से रिहा हो चुके हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डॉ. लकड़ा ने यह भी जानकारी दी कि 2011 तक गांव वालों ने जमीन का रसीद कटवाया था, लेकिन 2012 के बाद से रसीद नहीं कटी है। ग्रामीणों ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जमीन से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं, लेकिन विभाग के पास अधिग्रहण से संबंधित कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि अधिग्रहण हुआ भी हो, तो कानून के अनुसार यदि पांच वर्षों तक निर्माण कार्य नहीं होता है, तो जमीन स्वतः रैयतों को वापस मिल जाती है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में ले चुका है। आयोग इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार, राष्ट्रपति और गृह मंत्रालय को भेजेगा। इसी क्रम में डॉ. आशा लकड़ा ने शनिवार को अपनी पांच सदस्यीय टीम के साथ राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पेसा कानून, नगड़ी में कृषि योग्य भूमि पर रिम्स-2 के निर्माण तथा आदिवासी समाज से जुड़े मामलों पर चर्चा की। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और जल्द ही संबंधित अधिकारियों को नोटिस भी जारी किया जाएगा।

## नजरेट स्कूल में कराटे कैंप व बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा का आयोजन

संवाददाता

**खूंटीः** नजरेट इंग्लिश मीडियम स्कूल, कर्रा में एकदिवसीय कराटे कैंप एवं बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कराटे विशेषज्ञ सिंहान रोहित राज तथा सिंहान विजय कुमार द्वारा आयोजित इस ग्रेडिंग परीक्षा में छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर ऑरेंज एवं येलो बेल्ट प्रदान किए गए।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर सिरोफिना टोपनो ने सफल खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं बेल्ट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कराटे के माध्यम से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। ऑरेंज बेल्ट पाने वाले छात्रों का नाम- अनुष्का धान ईशा बड़ाईक, सोनल संग, सृष्टि टोपनो ,निशि भेंगरा , अनुष्का हेरेंज ,परिधि गुप्ता, तनुश्रिया टोपनो प्रिया है हेरेंज , इंशा परवीन



,अंकित हारो, सुक्रांति हेरेंज, आयुष कुमार बड़ाइक,प्रिंस राज हेरेंज, नवीन मिंज,रौनक कुमार अंश होरो ,आयुष कुमार नायक

येलो बेल्ट पाने वाले छात्रों का नाम- अनुष्का बरला ,तनु हेरेंज ,सुहानी कुमारी,अंकित कच्छप,महिमा केरकेट्टा रोहन होरो ,मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सिस्टर अनुग्रहित हेरेंज सिस्टर सभ्यंति,सिस्टर दुलारी हीरो , सर वासिल लकड़ा , सर सुमिलन कुजूर , सर नवोद तिर्की ,सर संजीस्ट कंडोलना, सर अनुराग धान, मिस अमृता टोपनो,मिस रोशनी पूर्ति ,मिस अलका सोरेंग, मिस सुनीता होरो साथ में कराटे शिक्षक सहयोगी शुभम तिवारी एवं बंधन तिर्की उपस्थित थे।

## अफीम विवाद में युवक की हत्या का खुलासा, दो पूर्व नक्सली गिरफ्तार

संवाददाता

**खूंटी :** जिला पुलिस ने चाईबासा सीमा क्षेत्र में मिले एक अज्ञात युवक के शव के मामले का खुलासा करते हुए दो पूर्व नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे अफीम के अवैध धंधे से जुड़े थे और अपने ही साथी की पैसे के विवाद में पत्थर से कूचकर हत्या कर दी थी।

12 मई को खूंटी-चाईबासा सीमा पर एक सड़क किनारे एक युवक का बेरहमी से क्षत-विक्षत शव मिला था। एसडीपीओ वरुण कुमार रजक की अगुवाई में गठित एसआईटी ने तकनीकी एवं खुफिया जानकारियों के आधार पर शव की पहचान सायको थाना क्षेत्र के उबुरू गांव के 23 वर्षीय सुखराम पूर्ति के रूप में की।



पुलिस ने दो आरोपियों झ्र जिदन हेम्ब्रम (उर्फ हिरो, साके-अड़की निवासी) और नेलसन बोदरा (गोबाई, टेबो निवासी) को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक टीवीएस अपाचे बाइक और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पूछताछ में पता चला कि मृतक सुखराम और जिदन के बीच अफीम की अवैध खरीद-बिक्री को लेकर विवाद हुआ था। जिदन ने सुखराम को तुबिल गांव बुलाकर पैसे लूटे और फिर उसकी पत्थर से पिटाई करके हत्या कर दी। शव को साक्ष्य छिपाने के लिए बंकमा गांव के जंगल में फेंक दिया गया था। सुखराम पूर्ति के खिलाफ मुरहू, सोयको और अड़की थानों में नक्सल गतिविधियों, हत्या, लूट, अवैध हथियार और विस्फोटक अधिनियम के तहत एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। जिदन हेम्ब्रम पर भी नक्सल कांड, हत्या और विस्फोटक मामले चल रहे हैं। एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी और लूटे गए सामान की बरामदगी के लिए छापामारी जारी है। इस मामले में एसआईटी, सशस्त्र बल और स्थानीय थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की।

# डीसी ने लावालौंग प्रखंड का किया दौरा, समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से की चर्चा





### आम बागवानी का निरीक्षण एवं मनरेगा पार्क का उद्घाटन

**चतराः** चतरा की उपायुक्त कीर्तिश्री ने शनिवार को लावालौंग प्रखंड का एकदिवसीय दौरा किया। दौरे के क्रम में उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य शामिल थे। उपायुक्त ने क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। दौरे की शुरूआत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी समूह की दीदियों द्वारा संचालित मल्चिंग आधारित कृषि परियोजना के निरीक्षण से हुई। इसके बाद वन विभाग की नर्सरी, मनरेगा के तहत विकसित बागवानी कार्य, तथा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनप्रतिनिधियों के साथ समस्याओं पर मंथनः बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्रीय समस्याओं को सीधे तौर पर समझना एवं उसके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया यथा जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं नयी सड़क-पुल-पुलिया निर्माण की आवश्यकता, विद्युत आपूर्ति की कमी व अब तक बिजली से वंचित गांव, नल-जल योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन न होना, आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर स्थिति (विशेषतः चुकरु केंद्र), मोबाइल नेटवर्क की खराब स्थिति, प्रखंड मुख्यालय में पुस्तकालय निर्माण की मांग, लमटा से शिवराजपुर एवं लावालौंग से रिमी तक जर्जर सड़क की मरम्मती की आवश्यकता।इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया किबिजली से वंचित गांवों का सर्वे कर सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं।नल-जल योजना के क्रियान्वयन में सुधार करें एवं सड़कों की खुदाई के बाद मरम्मती अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।कहा कि प्रखंड स्तर पर एक विशेष बैठक आयोजित कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाए।

पीएम कुसुम योजना के प्रति लोगों को करें जागरूकः उपायुक्त ने पीएम कुसुम योजना के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इस योजना की जानकारी दी जाए ताकि वे इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कृषि पदाधिकारी श्रीमती निखत प्रवीण ने योजना की विस्तृत जानकारी साझा की।

आम बागवानी का निरीक्षण व मनरेगा पार्क का उद्घाटनः दौरे के क्रम में उपायुक्त ने ग्राम कल्याणपुर पंचायत के हेडूम गांव में मनरेगा के तहत विकसित आम बागवानी का निरीक्षण कर कार्य की प्रशंसा की और लाभुकों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही मौके पर नवनिर्मित मनरेगा पार्क का औपचारिक उद्घाटन भी उपायुक्त द्वारा किया गया।

मलचिंग तकनीक से समृद्धि की ओर बढ़ते कदमः लावालौंग प्रखंड अंतर्गत लमटा पंचायत में उपायुक्त कीर्तिश्री ने झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी द्वारा संचालित मलचिंग कृषि परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सखी मंडल की दीदियों से आत्मीय संवाद किया, उनकी मेहनत की सराहना की और तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने दीदियों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा आपके प्रयास गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल सकते हैं। उपायुक्त ने मलचिंग विधि की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह तकनीक मिट्टी की नमी को संरक्षित करती है, खरपतवार पर नियंत्रण रखती है और उपज में बढ़ोतरी करती है। पर्यावरण की दृष्टि से भी यह टिकाऊ और सुरक्षित है। उन्होंने जिले के अन्य प्रखंडों में भी इस पद्धति को प्रोत्साहित करने की बात कही और सुझाव दिया कि दीदियों को बतख पालन, अमरूद बागवानी और पपीता की खेती जैसे अन्य आजीविका विकल्पों से भी जोड़ा जाए ताकि ग्रामीण परिवारों की आय में बहुस्तरीय वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के क्रम में दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए उपायुक्त ने यह स्पष्ट किया कि ऐसी अभिनव पहलों को प्रशासन हर स्तर पर सहयोग देगा और जिलेभर में फैलाने हेतु ठोस रणनीति बनाई जाएगी

इस मौके पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला जनसंपर्क कार्यालय के सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशीकांत कुमार श्रीवास्तव, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी दो दिवसीय महोत्सव 16 - 17 अगस्त को

मेट्रो रेज

**रांची:** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड पर 16 व 17 अगस्त 2025 को दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा ।

वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति ,रांची के संरक्षकरक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक सीपी सिंह, संरक्षक अजय मारू एवं समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा है।आज समिति की बैठक में संरक्षक, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ,अजय मारू व अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन दो दिवसीय 16 एवं 17 अगस्त 2025 को मनाने का निर्णय लिया गया।



आयोजन समिति के संरक्षक व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व मुकेश काबरा ने बताया कि 16 व 17 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति ,रांची की ओर से अलबर्ट एक्का चौक ,मेन रोड मै श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्री सेठ ने बताया कि समिति के सानिध्य में 15 वर्षो से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हम मनाते आ रहे हैं। 16 अगस्त को झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे । जिसका रजिस्ट्रेशन समिति में गोबिंदाओ की टीम को करवाना अनिवार्य होगा।

मुकेश काबरा ने बताया कि 100 से भी ज्यादा सदस्यों को समिति में रखा जाएगा। साथ ही जल्द उनके बीच ब्यवस्था निमित कार्यों का वितरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए इस बार पूरी रांची को श्री कृष्ण भक्तिमय बनाया जाएगा ।संरक्षक, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, अध्यक्ष मुंकेश काबरा ने कहा कि अगली बैठक में समिति के पदों व कार्यो के लिए सदस्यो के नाम के साथ समिति का बृहत विस्तार किया जायेगा।मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि आज की बैठक में मुख्यरूप से आयोजन समिति के

संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक अजय मारू,अध्यक्ष मुकेश काबरा , कुणाल आजमानी,रविन्द्र मोदी, रमेन्द्र कुमार , जवाहर तनेजा, ऐश्वर्या सेठ, प्रमोद सारस्वत, कमलजीत सिंह शंटी ,सतीश सिन्हा,नीरज चौधरी,राज वर्मा, सत्येन्द्र सिंह गुड्डू, संजय पोद्दार,पवन बजाज,भीष्म सिंह,मनोज कुमार, राजीव सहाय,नीतू सिंह, राजू रजक, संजीव साहू, भीष्म सिंह, प्रेमचंद श्रीवास्तव,प्रकाश धेलिया , मनोज साहू, मनोज महतो,रामलगन राम,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

# युवाओं के हित के लिए काम करूंगा : कुलदीप

### झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव से पूर्व बैठक, चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन



**रांची:** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक चुनाव 2025 के तहत नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। इस बार प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि ने अपना नामांकन दाखिल किया है।वोटिंग प्रक्रिया के आरंभ से पूर्व आज रांची स्थित सर्किट हाउस में कुलदीप कुमार रवि की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न पदों के प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई, जिसमें विशेष रूप से संगठन की मजबूती, अधिक युवाओं को युवा कांग्रेस के सदस्य बनाने और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर विचार किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए कुलदीप कुमार रवि ने कहा, मैं 15 वर्षों से संगठन में सक्रिय रहा हूं और मेरी निष्ठा व समर्पण संगठन के प्रति अटूट रही है। इस बार मैं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद की प्रतिष्ठित जिम्मेदारी के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि संगठन के कार्यकर्ताओं और साथियों के आशीर्वाद से मैं यह चुनाव जीतूंगा। उन्होंने आगे कहा, मेरी अपनी एक सशक्त टीम है, जो मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। हम सभी का उद्देश्य एक है – युवाओं की आवाज बनना, उनके हक के लिए मजबूती से काम करना और संगठन को गांव,प्रखंड व शहर तक और मजबूत बनाना।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–विशाल मुण्डा, उम्र–27 वर्ष, रंग–साँवला, ऊँचाई–05 फीट 4 ईंच, पहनावा–काला रंग का चेक शर्ट एवं नीला रंग का ट्राउजर हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति विशाल मुण्डा, पिता–स्व0 सहरू मुण्डा, सा0–छोटा उलातू, थाना–ओरमाँझी, जिला–राँची, जो दिनांक–10.06.2025 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में ओरमाँझी थाना सनहा संख्या–25/2025, दिनांक–13.06.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। –9431706143
थाना प्रभारी जगरनाथपुर, राँची। –9431706169

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 357181 (Police)25-26*D


## माहेश्वरी महिला चौपाल ने स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच बांटा पठन-पाठन सामग्री

**रांची:** सामाजिक संस्था माहेश्वरी महिला चौपाल के सौजन्य से शुक्रवार को हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित कल्याण एवं विकास समिति (सामुदायिक भवन, परिसर एचआई-67 के सामने) स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री व अल्पाहार का वितरण किया।

वहीं,किशोरवय छात्राओं के बीच संस्था की ओर से स्वच्छता का संदेश देते हुए सेनेटरी नैपकिन वितरित किया गया। मौके पर माहेश्वरी महिला चौपाल की वरिष्ठ सदस्या दुर्गा काबरा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पढ़ने-लिखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती काबरा ने कहा कि शिक्षा के बिना स्वस्थ, स्वच्छ और समृद्ध समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है,इसलिए अधिक से अधिक संख्या में बच्चे शिक्षित हों, तभी हमारा समाज समृद्ध हो सकता है। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला चौपाल की सदस्य शशि डागा, रेणु फलोर, कल्पना मोहता, संगीता चितलांगिया, रश्मि मालपानी, निशुल्क कोचिंग सेंटर के संचालक/व्यवस्थापक ललन कुमार मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

## अस्मिता वुशु लीग रांची , संजय सेठ होंगे मुख्य अतिथि



**रांची :** महिला सशक्तिकरण और महिला खिलाड़ियों में खेलो के प्रचार के उद्देश्य से आयोजित किये जा रहें अस्मिता वुशु लीग की कल रांची मे होनेवाले प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 10.30 बजे संजय सेठ रक्षा राज्य मंत्री के कर कमलो द्वारा किया जाएगा. इस वुशु लीग के उद्घाटन समारोह के अवसर पर रांची विधायक सी पी सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे. इनके साथ-साथ झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, समाज सेवी रमेश सिंह , विभूति भूषण भी महिला खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करेंगे।यह प्रतियोगिता आचार्यकुलम स्कूल नमकुम मे आयोजित होंगी।इसके समापन समारोह के अवसर पर आईपीएस सरोजनी लकड़ा,ओलम्पियन मनोहर तोपनो, प्रोफेसर मुकुंद मेहता, वुशु की अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी अमासी बारला सहित झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रासरूट स्तर पर महिला खिलाड़ियों मे वुशु का प्रसार करना हैं ताकि राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे उनकी बड़े पैमाने पर भागीदारी हो सकें

# बरसाती बैक्टीरिया लेप्टोस्पाइरोसिस से गंभीर बीमारियों का खतरा, बचाव में करे योग प्राणायामः योगाचार्य महेश

मेट्रो रेज

**रांची:** बारिश का मौसम आते ही चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलती है। हालाँकि, यह कई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ भी लेकर आता है। बढ़ती नमी, स्थिर पानी और मच्छरों और अन्य रोगाणुओं के फैलने के कारण बरसात के मौसम में बीमारियां आम होती हैं। वर्तमान समय में देखने में आ रहा है इस बरसात के मौसम में अधिकतर बच्चे युवा महिलाएं युवतियां, बुजुर्ग यह सभी वायरल संक्रमण व बैक्टीरिया का शिकार हो जाते हैं जिससे गले में दर्द सांस लेने में तकलीफ सर दर्द आंखों में दर्द तेज बुखार आदि बीमारियां शरीर को जकड़ लेती हैं इन आम बीमारियों के बारे में जागरूक होना और योग को अपनी दिनचर्या मै निवारक उपाय के रूप में शामिल करना आवश्यक हो गया है और योग इस मौसम में आपके स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद कर सकता है।,बरसात के मौसम में डेंगू बुखार मच्छरों द्वारा फैलने वाला एक वायरल संक्रमण है। तेज बुखार, तेज सिरदर्द , आंखों के पीछे दर्द मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, चकत्ते और हल्का रक्तस्राव इसके कुछ लक्षण



हैं।लेप्टोस्पायरोसिस संक्रमित जानवरों के मूत्र से प्रदूषित पानी में बैक्टीरिया के कारण होता है। इसके लक्षणों में गंभीर सिरदर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, आंखों का लाल होना, पेट में दर्द , पीलिया और दस्त शामिल हैं। लेप्टोस्पाइरोसिस एक बैक्टीरियल संक्रमण है जो मनुष्यों और जानवरों को प्रभावित कर सकता है। बिना इलाज के, यह गंभीर रूप ले सकता है। शरीर पर कट लगने या खरोंच आने के माध्यम से बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करते हैं और लीवर एवं किडनी को प्रभावित करते हैं। यह संक्रमण लेप्टोस्पाइरा जीनस के बैक्टीरिया के कारण होता है। ये बैक्टीरिया चूहों के पेशाब से दूषित पानी में होते हैं। भारी बारिश और बाढ़ से बैक्टीरिया फैल सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। लेप्टोस्पाइरोसिस के लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और कभी-कभी पीलिया (त्वचा और आंखों का पीला पड़ना) शामिल हैं। गंभीर मामलों में, यह किडनी और लीवर को नुकसान या मेनिनजाइटिस (मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की झिल्लियों की सूजन) का कारण बन सकता है,लेप्टोस्पाइरोसिस और बरसात के समय जन्म लेने वाले बारिश और बैक्टीरिया से बचाव के लिए योग प्राणायाम का उपयोगी साधन है योग प्राणायाम के अभ्यास से हमारे अंदर उच्च इम्यूनिटी क्षमता विकसित होती है जिससे हमारे शरीर मैं रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित हो जाती है, और हमारे शरीर के अंदर कोई भी वायरस और बैक्टीरिया प्रवेश नहीं कर पाता जिससे हम विभिन्न प्रकार के वायरल संक्रमण व रोगों से बचे रहते हैं, बरसात के मौसम में सबसे उपयोगी योग अभ्यास के अंतर्गत साधक सूर्य नमस्कार, उत्तांनासना,पर्वतआसन, परिर्वत पाश्ववर्कोणासन,पश्चिमोतानासन,नाड़ी शोधन प्राणायाम सुदर्शन योग क्रिया,आज्ञा चक्र पर ध्यान आदि के अभ्यास से हम पूर्ण रूप से बारिश में जन्म लेने वाले वायरस व बैक्टीरिया से अपने शरीर की सुरक्षा कर सकते हैं इसके अलावा बारिश के मौसम में हमारी आहारचर्या पर हमें ध्यान रखना होगा और साथ में ही हम गिलोय अमृता को काढ़े के रूप मै सेवन और तुलसी अर्क का सेवन 1 सप्ताह में दो बार जरूर करे जिससे वायरल संक्रमण व बैक्टीरिया से तो बचाव होगा ही हमें कई स्वास्थ लाभ मिलेंगे, सुबह उठते से ही सर्वप्रथम गुनगुना पानी पिए, जिनको वायरल संक्रमण हो गया है वह पानी उबालकर ही पिए ज्यादा हरी सब्जियां खाने से बचें, गुड, अजवाइन दालचीनी, लहसुन, अदरक, काली मिर्च, लौंग का का काढा बनाकर जरूर ले जिससे कफ खासी सर्दी जुखाम मै लाभ होगा और रात में सोने से पहले गर्म पानी में हल्दी, काला नमक डालकर गरारे करे जिससे गले के इंफेक्शन से बचा जा सकता है ।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–सुचित महतो, उम्र करीब– 65 वर्ष, रंग–साँवला,
ऊँचाई– 05 फीट, पहनावा–लाल रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग का लुंगी हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति सुचित महतो, उम्र–65 वर्ष, पे0–हाबु महतो, ग्राम–कुर्मी टोला पडरिया, पो0–तीन पहाड़ा, थाना–तीन पहाड़, जिला–साहेबगंज जो दिनांक–25.06.2025 को बार एसोसिएशन से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में कोतवाली सनहा संख्या–27/2025, दिनांक–26.06.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी कोतवाली, राँची। – 9431706158

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 357167 Police (25-26)_D


# अधिवक्ता परिषद का प्रांतीय अभ्यास वर्ग शुरू

मेट्रो रेज

**रांची:** अधिवक्ता परिषद, झारखण्ड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग आज रांची स्थित श्री हनुमान बख्श पोदार भवन, रानी सती मंदिर परिसर में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ ।

अभ्यास वर्ग कार्यक्रम में झारखण्ड में रहने वाले लगभग 175 राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यगण, राष्ट्रीय परिषद के सदस्यगण, प्रान्त के मार्गदर्शकगण पदाधिकारीगण कार्यकारिणी के सदस्यगण - आयाम टोली के सदस्य, जिलों के प्रभारीगण विशेष रूप से हिस्सा ले रहे है।

इस अवसर पर मेरठ से आये राष्ट्रीय मंत्री व झारखंड सह बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि अधिवक्ता परिषद में हम राष्ट्रीय की संप्रभुता एवं अखंडता को संगठन की सर्वोपरिता के अंतर्गत सामाजिक समरस्ताओं के बीच अधिवक्ताओं का व्यक्तित्व निर्माण मिलजुल कर करते है, वहीं राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दूबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ता परिषद का मूल उद्देश्य विभिन्न आयामों को आत्मसात कर उसके क्रियाकलापों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सश्रम पहुंचाना है एवं वरिष्ठ पत्रकारों, समाज के वरीय नागरिकों, उच्च पदस्थ पदाधिकारियों एवं महिलाओं से मिलकर सामाजिक विषयों एवं कठिनाइयों पर चर्चा करके उस पर बदलाव लाना ही मां भारती के परम वैभव के लिए उत्कृष्ट कार्य होगा। इस कार्य में नवयुवकों को



ज्यादा से ज्यादा सम्मिलित होना होगा।वहीं राजेंद्र मिश्र - क्षेत्र संगठन अभ्यास प्रमुख, प्रांत अध्यक्ष ने कहा कि सभी आयामों में संगठन आयाम एक अपना अलग महत्व रखता है और इसमें सतत कार्य होने से संगठन को मजबूती मिलती है ।

राजेंद्र कृष्ण - कार्यक्रम संयोजक सह स्टेट बार काउंसिल चेयरमैन ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि संगठन की मजबूती का मतलब अधिवक्ताओं की मजबूती है इसी के तहत अधिवक्ताओं के हित के लिए कई योजनाएं लाई गई है जिसमें पेंशन योजना, भत्ता योजना एवं स्वास्थ बीमा इत्यादि प्रमुख है । उन्होंने अधिवक्ता परिषद के कार्यों पर जोरदार प्रकाश डाला। दूसरी ओर पटना से पधारी क्षेत्रीय लिटिगेशन आयाम प्रमुख अर्चना सिंह द्वारा लिटिगेशन के क्षेत्र में अधिवक्ताओं का समाज के प्रति कर्तव्य को याद दिलाया तथा वरीय अधिवक्ता एवं क्षेत्रीय नॉलेज कलेक्टिव आयाम के प्रमुख पटना के संजय सिंह ने यह जोर देकर कहा कि अधिवक्ताओं में न्याय क्षेत्र से जुड़े हर तरह की ज्ञान होना अति आवश्यक है। वरीय मंचासिन झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप एवं प्रांतीय महामंत्री विजय नाथ कुंवर का स्वागत मोमेंटो बुके तथा शॉल देकर गरम जोशी के साथ किया गया । उद्घाटन समारोह का धन्यवाद ज्ञापन बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह द्वारा किया गया। उदघाटन के पश्चात विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें संगठन आयाम, लिटिगेशन आयाम, आउटरीच आयाम एवं नॉलेज कलेक्टिव आयाम की अलग अलग अभ्यास वर्ग एवं ग्रुप डिस्कशन आगामी योजनाओं को लेकर किया गया । जिसमें विशेष रूप से वरीय अधिवक्ता राजनन्दन सहाय, राजीव सिन्हा, प्रशांत विद्यार्थी, प्रशांत पल्लव, प्रभात सिन्हा, रीतेश कुमार बॉबी, गोपाल कृष्ण निताई, भीम महतो, नीता कृष्णा, नीतू सिन्हा, साधना कुमार, विभा बक्शी, लीना मुखर्जी, बी. कामेश्वरि, रंजना मुखर्जी, किरण सुषमा खोया, श्रेष्ठा मेहता, नेहा पाण्डेय, नेहा शर्मा, अमित सिन्हा, पवन पाठक, हराधन प्रमाणिक, प्रवीण पाण्डेय, अजय पाठक, चंद्र भूषण ओझा, बलदेव शर्मा, सुरोजित रॉय, मिथिलेश पाण्डेय, अवनीश मिश्रा, श्रीनु गणपति, हेमंत गुप्ता, रोमित कुमार, मनोज कुमार, रवि प्रकाश, वेंकटेश गोपाल, रामित सत्येंद्र, ज्योति कश्यप, पुनम कुमारी, मीरा कुमार, प्रमोद चौरसिया, विजय कुमार पाण्डेय, शिव शंकर साहू, बलराम जयसवाल, सत्येंद्र नाथ गंझू के अलावा अन्य वरीय एवं कई जिलों से आए विभिन्न आयाम के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में आज सुबह 9:30 बजे से तृतीय सत्र से कार्यक्रम की शुरूआत होगी एवं उसके बाद चतुर्थ सत्र और पंचम सत्र एवं छठे सत्र का आयोजन होगा जो 1:00 बजे समापन समारोह के साथ संपन्न होगा।

## विजन आरोग्यम का पौधरोपण अभियान शुरू

**रांची:** शिक्षा,स्वास्थ्य,सेवा एवं रोजगार के क्षेत्र मे कार्यरत संस्था विजन आरोग्यम (कार्यालय पिस्कामोड़)की ओर से रांची में पौधरोपण अभियान की शुरूआत की गई जो की 15 अगस्त 2025 तक अपने देश के विभिन्न राज्यों में संचालित होगा। जिसमे संस्था कि ओर से लगभग दस हजार (10,000) पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है यह घोषणा विजन आरोग्यम के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने किया। इस मौके पर छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,समाजसेवी कन्हैया लाल,माधव अनुनय मंत्री,विनय कुमार आदि विशिष्ठ अतिथि के रूप मे मौजुद थे।

आज के इस कार्यक्रम में गुमला,सिमडेगा,रांची,खूंटी, लोहरदगा आदि जिले के विजन आरोग्यम के परियोजना पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इसके पूर्व विजन आरोग्यम संस्था की ओर से रक्त संचार पद्धति द्वारा फ्री मेडिकल जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसमे एक्यूप्रेशर स्पेशलिस्ट सीमा प्रीति,आलोशिया लुगनु द्वारा ब्लड शुगर,ब्लडप्रेशर,थायराइड कोलेस्ट्रॉल एवं शरीर मे होने वाली सभी प्रकार के दर्द की जांच ब्लड सकुर्लेशन मशीन, हेल्थ प्रोटेक्टर मशीन,कांसा थाली मशीन एवं बैक मसाज मशीन द्वारा जरूरतमंद लोगों की जांच की गई।आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से वीणाश्री,सीमा प्रीति,उपेंद्र चौधरी,रोमी शेट्टी,लोलेन किंडो,इंतेशाम अली,कमल मुंडा,सुखराम पाहन,अन्ना बेला आदि ने महत्वपूर्व भूमिका निभाई।

## 71वें स्थापना दिवस और प्लेटिनम जुबली वर्ष के समापन समारोह की तैयारी

**रांची :** दुनिया के अग्रणी शिक्षा संस्थानों में से एक बिरला प्रोद्यौगिकी संस्थान (बीआईटी मेसरा) ने आगामी 71वें स्थापना दिवस और अपने प्लेटिनम जुबली वर्ष के समापन समारोह के बारे में जानकारी देने के लिए प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का आयोजन बीआईटी लालपुर सेंटर में किया गया। जहां डॉ श्रद्धा शिवानी, डीन ऑफ एल्युमनाई एवं इंटरनेशनल रिलेशन्स, बीआईटी मेसरा, विशाल एच शाह, एसोसिएट डीन ऑफ एल्युमनाई और इंटरनेशनल रिलेशन्स, बीआईटी मेसरा और मृणाल पाठक, हैड ऑफ मीडिया सैल, बीआईटी ने मीडिया को आगामी गतिविधियों एवं समारोह के बारे में बताया। संस्थान 15 जुलाई 2025 को अपने 71वें स्थापना दिवस का आयोजन करने जा रहा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (सिग्नल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या: मंरेप्र (सिग व दूरसंचार)–10– 2025–26, कार्य का नाम: अजमेर मंडल अजमेर मंडल के ADSTE/All खंड में विभिन्न सिग्नलिंग परिसंपत्तियों की सुरक्षा और प्रतिस्थापन कार्य, अनुमानित लागत: रुपये 25769013.09, बयाना राशि: रुपये 278800.00, ई–निविदायें खोलने की तिथि व समय दिनांक: 06.08.2025 को 15.30 बजे, उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता: www.ireps.gov.in

832-PS/25



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

सर्व साधारण के लिए सूचना



अज्ञात महिला का शव उम्र करीब– 55 वर्ष,

उपरोक्त अज्ञात महिला का शव सिल्ली (मुरी ओ0पी0) अन्तर्गत सड़क के किनारे घायल एवं अचेतावस्था में गिरी पड़ी थी जिसे सिल्ली स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। ईलाज के दौरान इन्हे चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किया गया। जिसके संबंध सिल्ली (मुरी ओ0पी0) यू0डी0 काण्ड सं0–05/2025, दिनांक–20.06.2025 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात महिला के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी मुरी ओ0पी0, राँची। – 6877257523

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 357158 Police (25-26)_D

# श्रावणी मेला देवघर



**श्रावण** का पावन महीना भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष रूप से समर्पित होता है। इस दौरान देशभर में भोलेनाथ के भक्त मंदिरों में उमड़ते हैं। शिव जी को प्रसन्न करने के लिए भक्तजन व्रत रखते हैं और भगवान की प्रिय चीजें अर्पित करते हैं। भारत विविधता और सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध देश है। यहां के त्योहार और मेले हमारी संस्कृति और परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं। इन्हीं मेलों में से एक प्रमुख मेला श्रावणी मेला, जो झारखंड राज्य के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में आयोजित होता है। यह मेला न केवल धार्मिक महत्त्व रखता है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बैद्यनाथ धाम देवघर एक महत्त्वपूर्ण हिंदू तीर्थ स्थल है। यह भारत के बारह ज्योतिलिंगों में से एक है। इस बार श्रावणी मेले का आरंभ जुलाई से होकर 9 अगस्त तक चलेगा। हर साल अलग-अलग राज्यों से कांवड़ यात्री यहां आते हैं।

सावन के महीने में प्रत्येक शिवभक्त की यही कामना होती है कि एक बार बाबा बैद्यनाथ का दर्शन जरूर कर ले। कहते हैं सागर से मिलने का जो संकल्प गंगा का है, वही दृढ़ निश्चय भगवान शिव से मिलने का कांवड़ियों में भी देखा जाता है। तभी तो श्रावणी मेले के दौरान धूप, बारिश और भूख-प्यास भूलकर दुर्गम रास्तों पर दुख उठाकर अपने दुखों के नाश के लिए वे बाबा बैद्यनाथ की शरण में पहुंचते हैं। विश्व प्रसिद्ध श्रावण मेले के समापन की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती है वैसे-वैसे इस कांवड़ यात्रा में देश-विदेश से आने वाले शिव भक्तों की संख्या बढ़ती जाती है। मान्यता है कि सावन महीने में सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में प्रवाहित उत्तरवाहिनी गंगा से कांवड़ में जल भर कर पैदल 105 किलोमीटर की दूरी तय कर देवघर में द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम और यहां से करीब 45 किलोमीटर दूर दुमका जिले में अवस्थित बाबा बासुकीनाथ धाम में जलार्पण और पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालु शिवभक्तों की सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं। इस कारण बैद्यनाथ धाम को दीवानी और बासुकीनाथ धाम को फौजदारी बाबा के नाम से जाना जाता है। बैद्यनाथ धाम की प्रसिद्धि रावणेश्वर धाम और हृदयपीठ रूप में भी है। मान्यताओं के अनुसार एक समय शिव भक्त रावण ने कैलाश पर्वत पर कठिन तपस्या कर तीनों लोक में विजय प्राप्त करने के लिए अपनी लंकानगरी में विराजमान होने के लिए औघड़दानी बाबा भोले शंकर को मना लिया। लंका जाने के लिए अनमने भाव से तैयार हुए भगवान शंकर ने रावण को वरदान देते समय यह शर्त रखी कि लिंग स्वरूप को तुम भक्तिपूर्वक अपने साथ ले जाओ, लेकिन इसे धरती पर कहीं मत रखना। अन्यथा यह लिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। रावण की इस सफलता से इंद्र सहित देवतागण चिंतित हो गए और इसका उपाय निकालने में जुट गए। कहते हैं कि रावण लिंग स्वरूप बाबा भोलेनाथ को लंकानगरी में स्थापित करने के लिए जा रहा था कि रास्ते में पड़ने वाले झारखंड के वन प्रांत में अवस्थित देवघर में शिव माया से उसे भारी लघुशंका की इच्छा हुई, जिसे वह सहन नहीं कर पा रहा था। रावण बैजू नाम के एक गोप को लिंग स्वरूप सौंप कर लघुशंका करने चला गया। बैजू लिंग स्वरूप के भार को सहन नहीं कर सका और उसे जमीन पर रख दिया। जिससे देवघर में भगवान भोलेनाथ स्थापित हो गए। रावण जब वापस लौटा तो देखा कि शिवलिंग स्थपित हो चुका है। रावण की लाख कोशिशों के बाद भी शिवलिंग जमीन से नहीं हिला। क्रोध में रावण ने शिवलिंग को अंगूठे से जमीन में दबाने की कोशिश की, जिसके निशान आज भी बैद्यनाथ धाम स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग पर विराजमान हैं। उस लिंग में भगवान शिव को प्रत्यक्ष रूप में पाकर सभी देवताओं ने उसकी प्राण प्रतिष्ठा कर उसका नाम बैद्यनाथ धाम रखा। इस दिव्य ज्योतिर्लिंग के दर्शन से सभी पापों का नाश और मुक्ति की प्राप्ति होती है।

# फोन की वजह से बढ़ रही हैं आंखों की खतरनाक बीमारियां, जानिए शुरूआती लक्षण



**आज** के समय में मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। सुबह आंख खुलने से लेकर रात को सोने तक हम घंटों मोबाइल की स्क्रीन देखते रहते हैं  चाहे वह ऑफिस का काम हो, सोशल मीडिया, वीडियो देखना हो या ऑनलाइन शॉपिंग। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस आदत से हमारी आंखों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है?

डॉक्टर्स का कहना है कि लगातार स्क्रीन पर देखने से आंखों की सेहत धीरे-धीरे खराब होने लगती है और कई गंभीर बीमारियां जन्म ले सकती हैं। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के आई एक्सपर्ट डॉ. एके. ग्रोवर के अनुसार, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग आंखों के लिए खतरनाक बनता जा रहा है।

डिजिटल आई स्ट्रेनः जब हम घंटों मोबाइल, लैपटॉप या टैबलेट स्क्रीन को बिना रुके देखते हैं, तो आंखों में जलन, थकावट, भारीपन और दर्द होने लगता है। कई बार धुंधला दिखाई देता है और सिर में दर्द भी हो सकता है।

**लक्षणः**आंखों में जलन, सिरदर्द, धुंधली नजर, आंखों में भारीपन

**ड्राई आई सिंड्रोम :** मोबाइल देखते वक्त हम सामान्य से कम बार पलकें झपकाते हैं, जिससे आंखों की नमी कम होने लगती है। इससे आंखें सूखने लगती हैं और चुभन महसूस होती है।

**लक्षणः** आंखों में सूखापन, लाल होना, चुभन या जलन, रोशनी में आंखें खोलने में परेशानी

**ब्लू लाइट डैमेजः** मोबाइल से निकलने वाली नीली रोशनी सीधे आंखों की रेटिना को प्रभावित करती है, जिससे रेटिना की कोशिकाएं धीरे-धीरे खराब हो सकती हैं। इससे मैक्युलर डिजेनेरेशन जैसी बीमारी हो सकती है।

**लक्षणः** नजर कमजोर होना, आंखों में थकान, लंबे समय तक देखने में परेशानी

**मायोपियाः** इसे आम भाषा में 'नजर कमजोर होना' कहते हैं, खासकर दूर की चीजें धुंधली दिखती हैं। मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों और युवाओं में इस बीमारी को तेजी से बढ़ा रहा है।

**लक्षणः** दूर की चीजें साफ नहीं दिखतीं, स्क्विन्टिंग यानी आंखें मिचमिचाकर देखना, बार-बार आंखों को रगड़ना, सिरदर्द

**फोटोफोबियाः** जब आंखें तेज रौशनी या सूरज की रौशनी में चुभने लगें, तो यह फोटोफोबिया हो सकता है। स्क्रीन की ब्राइटनेस अधिक रखने से आंखों की संवेदनशीलता बढ़ जाती है।

लक्षणः तेज रौशनी में आंखें बंद करने की इच्छा, चुभन या जलन, आंखों में दर्द

**कैसे बचें इन आंखों की समस्याओं से?**

डॉ. ग्रोवर ने आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ आसान सुझाव दिए हैंः

20-20-20 नियम अपनाएंः हर 20 मिनट बाद, 20 फीट दूर किसी चीज को 20 सेकंड तक देखें।

- स्क्रीन टाइम को सीमित करें, खासकर बच्चों के लिए।

- मोबाइल में ब्लू लाइट फिल्टर या नाइट मोड का इस्तेमाल करें।

# पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन, ऑयली स्किन से भी मिलेगा छुटकारा



**वैसे** तो पिंपल्स की समस्या कभी भी आ सकती है, लेकिन खासकर यह समस्या तब होती है, जब आपकी स्किन ऑयली होती है। ऑयली स्किन के कारण त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिसकी वजह से पिंपल्स से जुड़ी समस्या पैदा हो सकती है। इस दौरान अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो यह समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं, जिनको फॉलो करने से पिंपल्स की समस्या से बचा जा सकता है।

कई महिलाएं पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए बाहर से आते ही फेस धोने लगती है। ऐसा करने से यह समस्या बढ़ सकती है। इससे बचने के लिए फेस धोने से पहले उसको टिश्यू पेपर की सहायता से साफ करें। फिर कुछ समय रुककर फेस वॉश से चेहरा धोएं।

बार-बार न करें फेसवॉशः अगर आप अपने फेस को बार-बार पानी से धोती हैं, साथ ही इस दौरान फेस वॉश का इस्तेमाल करती हैं, तब भी यह समस्या आ सकती है। इसलिए चेहरे को बार-बार धोने से बचना चाहिए। आप सुबह और शाम के समय फेस वॉश के मदद से चेहरा धोएं।

**मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न करनाः** ऑयली स्किन होने पर स्किन को नमी की जरूरत पड़ती है। हालांकि कई महिलाएं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती है। ऐसे में यह समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए आप ऐसी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जो जेल-बेस्ड या फिर ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर हो।

**ज्यादा स्क्रब का न करें इस्तेमालः** पोर्स में जमा गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रब करना चाहती हैं, तो अधिक स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में स्किन को नुकसान हो सकता है और सप्ताह में 1 दिन ही स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए।

**तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमालः** अगर आप तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो पिंपल्स की समस्या आ सकती है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि त्वचा के मुताबिक ही प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए।

**इन बातों का रखें ख्यालः** सबसे पहले फेस को अच्छे से क्लीन करें।

-सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।
- फिर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करें।
- आप कम से कम मेकअप का इस्तेमाल करें।

# बिना मशीन के बाल स्ट्रेट करने के घरेलू तरीके



**पहला तरीकाः** अगर बाल स्ट्रेट करने के पहले घरेलू तरीके की बात करें तो ये हॉट ऑयल ट्रीटमेंट है। इससे बाल एकदम से स्ट्रेट नहीं होते। अगर आप धीरे-धीरे हर रोज ये ट्रीटमेंट लेंगे तो इससे आपके बाल अपने आप हमेशा के लिए स्ट्रेट हो जाएंगे। इस ट्रीटमेंट के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल या फिर बादाम का तेल में से किसी भी तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हॉट ऑयल ट्रीटमेंट लेने के लिए आपको हर रोज अपने बालों में गुनगुने तेल से मालिश करनी है। इससे बाल न सिर्फ मजबूत होते हैं, बल्कि ये बालों को स्ट्रेट भी करता है। इस ट्रीटमेंट के लिए सबसे पहले तेल को हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से करीब 15 से 20 मिनट तक स्कैल्प पर मसाज करें। मसाज करने के बाद अपने बालों को फुल लेंथ में कंघी करें। कंघी करने के बाद हल्के गर्म पानी में तौलिया डुबोकर बालों पर बांध लें। अब बालों को कुछ देर बाल शैंपू से धो लें। लगातार इस ट्रीटमेंट को लेने से भी आपके बाल स्ट्रेट होंगे।

दूसरा तरीकाःबालों को परमानेंट स्ट्रेट करने के लिए आपको कोकोनट मिल्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। ये बालों को स्ट्रेट करने के साथ-साथ चमकदार और मुलायम भी बनाता है।

**ऐसे करें इस्तेमालः** इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले एक एक कटोरी में कोकोनट मिल्क और नींबू के रस की कुछ बूदें मिला लें। अब इसे अच्छी तरह से मिक्स करके कुछ घंटों के लिए फ्रिज में रखें। कुछ देर के बाद आप देखेंगे कि इसके ऊपर क्रीम की एक लेयर बन गई होगी। इसी क्रीम से आपको अपने बालों की मसाज करनी है। बालों की मसाज करने के बाद हल्के पानी में तौलिया डूबोकर इसे बालों में बांध लें अब 20 मिनट के बाद बालों को धो लें। ये क्रीम भी धीरे-धीरे आपके बालों को स्ट्रेट बनाने का काम करेगी।

**तीसरा तरीकाः** अगर आपको अंडे के इस्तेमाल से दिक्कत नहीं है तो आप बालों में अंडा और ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल से बालों को मॉइश्चर मिल जाता है। अंडा बालों को स्ट्रेट करने का काम करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** इसके इस्तेमाल के लिए एक कटोरी में अपने बालों के हिसाब से अंडा फोड़ कर इसका सफेद भाग निकाल लें। अंडे का सफेद भाग निकालने के बाद इसमें थोड़ा सा ऑलिव ऑयल मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगा लीजिए। इसके बाद किसी मोटे दांत वाली कंघी से बालों को सीधा कर लीजिए। इस पैक को लगाने के बाद भी गर्म पानी में तौलिया डुबोकर बालों में बांध लें। आधे घंटे के बाद बालों को पानी से धो लें और हल्के गीले बालों में ही कंघी कर लें। कई बार इस पैक के इस्तेमाल से भी आपके बाल परमानेंट स्ट्रेट हो जाएंगे।

# बारिश के मौसम में बढ़ती हैं ये बीमारियां, जानिए बचाव के आसान उपाय

**बारिश** का मौसम हर किसी को पसंद होता है, लेकिन साथ ही यह कई तरह की बीमारियों का खतरा भी लेकर आता है। उमस और नमी के कारण हवा में कीटाणु तेजी से फैलते हैं, जिससे विभिन्न संक्रमण और वायरल बीमारियां आम हो जाती हैं। खासकर मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड, वायरल फीवर और स्किन एलर्जी जैसी बीमारियां इस मौसम में अधिक देखी जाती हैं। सही जानकारी और सावधानी से इनसे बचाव संभव है।

**बारिश में आम बीमारियां कौन-कौन सी होती हैं?**

**1. मलेरिया और डेंगूः** बारिश के बाद पानी के जमाव के कारण मच्छर तेजी से पनपते हैं। ये मच्छर मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियां फैलाते हैं। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और कमजोरी शामिल हैं।

**2. टाइफाइडः** बारिश के मौसम में दूषित पानी और गंदे भोजन से टाइफाइड फैलता है। यह तेज बुखार, पेट दर्द, भूख न लगना और कमजोरी जैसी समस्याएं उत्पन्न करता है।

**3. वायरल फीवर और फ्लूः**

तापमान में तेजी से बदलाव होने के कारण सर्दी, खांसी और वायरल बुखार होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है।

**4. लेप्टोस्पायरोसिसः** बारिश के पानी में मौजूद बैक्टीरिया के संपर्क में आने से यह बीमारी होती है, खासकर अगर पानी में चूहों का मूत्र मिला हो। यह त्वचा के कट या खरोंच के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है।

**5. पेट की बीमारियां (दस्त, हैजा):** बारिश के मौसम में गंदा या खुला खाना खाने से पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं। दस्त, उल्टी और डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।

**6. फंगल संक्रमण और स्किन एलर्जीः** नमी के कारण त्वचा पर खुजली, फंगल संक्रमण, लाल चकत्ते और एलर्जी होना आम है। भीगे कपड़े पहनने से यह स्थिति और खराब हो सकती है।

**बारिश में बीमारियों से बचाव के उपाय**

- नियमित रूप से हाथ धोएं, खासकर भोजन से पहले और बाहर से आने के बाद।
- खुला या गंदा खाना न खाएं, साफ और उबला हुआ पानी ही पीएं।
- मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी, कीट १ीस्त्री' 'ल्ल३२ का इस्तेमाल करें और लंबे कपड़े पहनें।
-रोज नहाएं और साफ कपड़े पहनें, भीगे कपड़ों को तुरंत बदलें।
- घर के आसपास पानी जमा न होने दें ताकि मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके।
- हल्का और पोषणयुक्त आहार लें, जिसमें विटामिन उ और एंटीऑक्सीडेंट्स अधिक हों।
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## डीवीसी केटीपीएस को दो प्रतिष्ठित प्रशंसा के साथ किया गया सम्मानित



**कोडरमा :** दामोदर वैली कॉरपोरेशन के 78 वें फाउंडेशन डे के शुभ अवसर पर, 7, जुलाई 2025 को मनाया गया, डीवीसी कोडर्मा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) को दो प्रतिष्ठित प्रशंसा के साथ सम्मानित किया गया पहला डीवीसी का सबसे अच्छा हरा और पर्यावरण के अनुकूल थर्मल प्लांट, दूसरा डीवीसी में बिजली उत्पादन में सबसे अच्छा प्रदर्शन थर्मल पावर स्टेशन, पुरस्कार अध्यक्ष डीवीसी, श्री एस द्वारा प्रस्तुत किए गए सुरेश कुमार, आईएएस, 78 वें फाउंडेशन दिवस के समारोह के दौरान डीवीसी मुख्यालय, कोलकाता में सदस्य (तकनीकी) और सदस्य (वित्त) की सम्मानित उपस्थिति में डीवीसी केटीपी की ओर से प्रशंसा प्राप्त की गई थी, मनोज कुमार ठाकुर, सीजीएम और हॉप डीवीसी केटीपीएस, मानस नस्कर जीएम चरण ।। केटीपीएस, तपस मिरदा, जीएम (एएमएस), सुखमॉय नायक, डीजीएम (एचआर) ये मान्यताएं स्वच्छ और विश्वसनीय बिजली उत्पादन के माध्यम से स्थिरता, परिचालन उत्कृष्टता, और राष्ट्र -निर्माण के लिए टीम केटीपी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।


## एसकेएमयू विवि में यूजी सेमेस्टर-2 परीक्षा 2024 का परीक्षाफल घोषित

**दुमका :** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा शनिवार को स्नातक (यूजी) सेमेस्टर-2 परीक्षा 2024, सत्र 2023-27 का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी रिजल्ट के अनुसार कुल 35,118 परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 78.13 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए हैं। विषयवार उत्तीर्णता दर की बात करें तो वाणिज्य संकाय के कुल 862 परीक्षार्थियों में से 86.89 प्रतिशत, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के कुल 30,950 में से 77.04 प्रतिशत, प्रकृति एवं भौतिक विज्ञान संकाय के कुल 2,413 में से 85.37 प्रतिशत तथा गणित, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय के कुल 893 परीक्षार्थियों में से 88.13 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। गौरतलब है कि यह परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा 23 अप्रैल से 7 मई 2025 तक आयोजित की गई थी और विश्वविद्यालय ने अत्यंत तत्परता के साथ महज लागभग एक माह में इसका परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने बताया कि परीक्षाफल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जहाँ से छात्र अपने रिजल्ट देख सकते हैं। ओएसडी परीक्षा डॉ. इंद्रनील मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू नई नियमावली के अनुसार सेमेस्टर-3 में प्रमोशन सेमेस्टर-1 और 2 दोनों के संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने दोनों सेमेस्टर मिलाकर न्यूनतम 9 पेपरों में सफलता प्राप्त की है, उन्हें ही अगले सेमेस्टर के लिए प्रमोट किया गया है। जबकि ऐसे छात्र जो दोनों सेमेस्टर मिलाकर 9 से कम पेपरों में उत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें सेमेस्टर-3 में प्रमोट होने से पहले पहले और दूसरे सेमेस्टर में न्यूनतम 9 पेपर पास करने होंगे।

## 31 जुलाई तक बकाए का भुगतान नहीं होने पर काम नहीं करेंगे संवेदक और कर्मचारी

**दुमका :** दुमका शहरी जलापूर्ति योजना का संचालन एवं संपोषण कार्य का विगत 4 माह से भुगतान बकाया रहने के कारण संवेदक अशोक कुमार राउत तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने 31 जुलाई 2025 तक का समय देते हुए एक ज्ञापन नगर परिषद् दुमका के कार्यपालक पदाधिकारी शुतांषु खालको को देते हुए कहा कि अगर 31 जुलाई तक बकाया भुगतान नहीं किया गया तो हम सभी कर्मचारी काम पर नहीं जाएंगे।संवेदक अशोक कुमार राउत का कहना है कि अगर कर्मचारी काम पर नहीं आएंगे तो शहरी जलापूर्ति ठप हो जाएगी।जिससे दुमका के नगरवासियों को काफी कठिनाई होगी।साथ ही सभी जल उपभोक्ताओं से भी निवेदन किया कि सभी जलकर नगर परिषद् को जमा करें ताकि कर्मचारियों का भुगतान किया जा सके और निर्बाध रूप से पेयजल की व्यवस्था आपके घरों तक पहुंचती रहे।उक्त आवेदन पत्र की प्रतिलिपि दुमका के झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद सांसद नलीन सोरेन, स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक विधायक बसंत सोरेन और उपायुक्त दुमका को दिया। आवेदनकताओं में संवेदक अशोक कुमार राउत के साथ उनके अधिनस्थ कर्मचारियों में विमल मंडल, विनय कुमार,आनंद कुमार गोप, विनोद मंडल,सीताराम महता, कामदेव मिर्धा,समीर चौधरी,विवेक कुमार,महावीर मंडल,अजय मंडल, राहुल महता,नितिन कुमार,विशाल कुमार,अजीत मंडल,सुनील महता उपस्थित थे।

## लेजर मेपिंग लाईट श्रद्धालुओं को कर रहा है आकर्षित



**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 कई मायनों में खास है। इस कड़ी में जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा बाबा मंदिर व टॉवर चौक पर लेजर मेपिंग लाईट के माध्यम से श्रद्धालुओं को एक नई अनुभूति प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने वाले श्रद्धालुओं के भक्तिमय मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा लेजर शो का आयोजन मेला क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को एक बेहतर अनुभूति बाबा धाम देवघर में प्राप्त हो सके। इसी कड़ी में बाबा मंदिर व टॉवर चौक पर लेजर मेपिंग लाईट के माध्यम से बाबा बैद्यनाथ के कई रंग व रूप को दशार्या जा रहा है। इस अलौकिक लेजर शॉ का प्रसारण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है।

## श्रद्धालुओं ने किया बाबा पर जलाभिषेक

**दुमका :** श्रावणी मेला के दूसरे दिन शाम 4 बजे तक 41365 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया।रुट लाइन से 38627,शीघ्र दर्शनम से 1490 एवं जलार्पण काउंटर से 1248 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया।शीघ्र दर्शनम से 4,47,000 रुपये,दान पेटी से 2,36,610 रुपये,अन्य स्रोत से 7014 रुपए एवं गोलक से 59740 रुपये एवं गोलक से चांदी 115 ग्राम प्राप्त हुए।

# खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सरकार दृढ़संकल्प : नलिन सोरेन



संवाददाता

**दुमका :** गत 10 जुलाई 2025से दुमका के कमारदुधानी स्थित फुटबॉल मैदान में झारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के तत्वावधान में आरंभ हुए प्रमंडलस्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया।अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दुमका संसदीय क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद नलिन सोरेन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल में किक मारकर शुभारंभ किया।अंतिम दिन 15 वर्ष से कम आयु के स्कूली बच्चों के आयोजित प्रमंडलस्तरीय मुकाबले की शुरूआत की।अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपना खेल कौशल निखारने में मदद देने के लिए सरकार पूरी तरह कृतसंकल्प है।कहा कि इसी उद्देश्य से राज्य के विभिन्न विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। बच्चे इनकी मदद से विभिन्न खेलों की तकनीकी जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं।अवसर पर जरमुंडी कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने बैंड-बाजे की धुन के साथ पारम्परिक रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद श्री सोरेन का स्वागत किया।मंच का संचालन शिक्षक मदन कुमार ने किया।

अतिरिक्त समय में किये गये एकमात्र गोल की सहायता से देवघर ने गोड्डा को 01-00 से मात देकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। उपविजेता गोड्डा के खेल की भी सबों ने सराहना की।पहले सेमीफाइनल मुकाबले में देवघर ने साहेबगंज को 01-00 तथा दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में उलटफेर करते हुए गोड्डा ने दुमका को 01-00 से हराकर फाइनल का सफर पूरा किया।

लीग चरण में ग्रुप ए में दुमका और देवघर दोनों टीमों ने 10-10 गोल के अंतर से जामताड़ा को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थी,जबकि ग्रुप बी से कोई भी टीम किसी अन्य टीम के खिलाफ कोई गोल नहीं बना सकी। लॉटरी के आधार पर साहेबगंज और गोड्डा ने सेमीफाइनल के लिए पात्रता हासिल की थी। पहले तीन स्थान पर आई विजेता टीम को ट्राफी तथा टीम के खिलाड़ियों को मेडल के साथ प्रशस्ति-पत्र दिये गये।

इससे पूर्व झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक निशा पन्ना, मो.मोदस्सर तथा उमेश कुमार दास ने प्रतियोगिता आयोजन के तमाम पहलुओं यथा खिलाड़ियों के आवासन,भोजन सहित खेल संचालन की तमाम तकनीकी बारीकियों का गहनता से निरीक्षण कर आयोजन के प्रति संतोष प्रकट किया।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में झारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश सिन्हा,सहायक कार्यक्रम प्रबंधक विभाष चंद्र महतो,शाखा प्रबंधक सूरज पांडे, शारीरिक शिक्षक क्रमशः ज्ञानप्रकाश ठाकुर,अमित कुमार,सुमन कुमार,मोइम अंसारी,कुमार नवनीत, शिवराम सिमोन टुड्डु,असीम हेम्ब्रम,प्रीतम मरांडी,जोसेफ मुर्मू,मानवेन्द्र कुमार,राजेश कुमार सरोज,सचिन कुमार, जूली किरण मुर्मू ,संतोष कुमार पटेल, दीपांकर कुमार मंडल,सुहागिनी मुर्मू,रामानंद घोष और रेफरी के रुप में इग्न्यायुस टुड्डु,पिंटू मुर्मू,उमेश टुड्डु तथा लारेंस मुर्मू की भूमिका अहम रही।

## सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया निरीक्षण



संवाददाता

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन डॉ राम देव पासवान द्वारा साहिबगंज जिले के अंतर्गत आने वाले दुर्गम क्षेत्र जारपाहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र पंचकठिया का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन किया। आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। जारपाहर दुर्गम क्षेत्र वीएच एसएनडी सत्र का निरीक्षणजारपाहर में आयोजित विलेज हेल्थ सेनिटेशन एंड न्यूट्रिशन डे सत्रों का निरीक्षण किया गया।कुल 124 में से 124 सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए गए जो 100% उपलब्धि है।सभी स्टाफ एएनएम साहिया, सेविका एवं बीटीटी की उपस्थिति सराहनीय रही।सिविल सर्जन ने दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत साहियाओं को मोबाइल फोन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिससे एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बेहतर किया जा सके। बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण पुराने आइईसी पोस्टरों को हटाकर, सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी साइनबोर्ड पर उच्च गुणवत्ता प्रिंट के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश सिविल सर्जन द्वारा दिया गया।उन्होंने अस्पताल परिसर एवं पिछला भाग स्वच्छ बनाए रखने के सख्त निर्देश।डॉक्टरों की उपस्थिति सूची एमएमयु मोबाइल मेडिकल यूनिट की तीन महीने की माइक्रोप्लान एवं कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिया।सिविल सर्जन ने अस्पताल की सीढ़ियों के पास स्थित विद्युत पैनल को कवर करने,जिला स्वास्थ्य समिति की आगामी बैठक में एक्स-रे की दरें न्यूनतम स्तर पर तय करने का सुझाव दिया गया, ताकि अधिक से अधिक मरीज लाभान्वित हो सकें।सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल साहिबगंज में डीआर सिस्टम युक्त आधुनिक एक्स-रे मशीन की स्थापना , जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत एवं प्रतिनियुक्त एमपीडब्ल्यू कर्मियों की अद्यतन सूची प्रस्तुत करने एवं बरहेट नर्सिंग स्कूल से संबंधित एमओयु की प्रतियों को तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिए।सिविल सर्जन डॉ. राम देव पासवान ने निरीक्षण के दौरान कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं और जनहित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## पेयजल स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जल जीवन मिशन, जिला जल एवं स्वच्छता समिति तथा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नल जल कनेक्शन की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा साहेबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी, बोरियो एवं मंडरो प्रखंडों की पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाएं, तथा साहेबगंज-गोड्डा-दुमका मल्टी विलेज स्कीम की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता से यह जानकारी ली किअब तक कितनी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। कितनी योजनाएं वर्तमान में संचालित हैं। कितनी योजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। कितनी योजनाएं पूर्ण होने के पश्चात अभी तक हैंडओवर नहीं हुई हैं।उपायुक्त ने अपूर्ण योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक जुड़े हाउसहोल्ड की संख्या की भी जानकारी ली और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जेएस एलपीएस डीपीएम मार्टिन तारिक, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित सभी सहायक एवं कनीय अभियंता, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस पर हमला करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**साहिबगंज** : हुल दिवस के अवसर पर हुए विवाद पुलिस पर हमला करने के मामले में बरहेट पुलिस की टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले की जानकारी एसपी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि हुल दिवस के अवसर पर हुई विधि व्यवस्था की समस्या को लेकर बरहेट थाना मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रमभीड़ को उकसाने वाला बरहेट तलबड़िया ग्राम प्रधान बेटका मुर्मू,बोरियो पथरा ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी एवं गोड्डा बोआरी जोर चुनाराम बेसरा को गिरफ्तार किया गया। बताएं की उक्त गिरफ्तार अभियुक्त विधि विरूद्ध भीड को उकसाने भडकाने का कार्य कर रहे थे। स्वंय नेतृत्व प्रदान कर रहे थे। घटनाक्रम की विडियो ग्राफी का अवलोकन एवं प्राथमिकी के अनुसार उक्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी किया गया।छापेमारी के दौरान बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल,बरहेट थाना प्रभारी एसआई असीम कुजूर,विजय रमानी,एएसआई रघुवीर राम सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## श्रावणी मेला में खामियां दिखने पर क्यूआर कोड स्कैन कर करें शिकायत

**देवघर :** जिले केउपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और उनकी आवश्यकता पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप विभिन्न नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस कड़ी में मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा होने पर क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में असुविधा या कमी दिखने पर क्यू आर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं, जिसके पश्चात त्वरित समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही समस्या के मोनेटरिंग हेतु कंट्रोल रूम में एक विशेष सेल बनाया गया है, ताकि मानीटर पर समस्या दिखते ही उस पर तत्काल कार्य करते हुए समस्या का समाधान किया जा सके। इसके अलावा शौचालय, पानी, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर और स्वास्थ्य शिविर में सुविधा नहीं मिल रही है। साफ-सफाई नहीं है या आप सुविधा से असंतुष्ट हैं अथवा कोई सुधार चाहते हैं या कांवरिया रूटलाइन या होल्डिंग प्वाइंट पर परेशानी है तो तत्काल उस जगह लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं। इस सुविधा हेतु बारकोड स्कैन करते ही गूगल पेपर खुलेगा। उसमें शिकायत करने का ऑप्शन आएगा। शिकायत भरने के बाद जरूरत हो तो तस्वीर भी साझा कर दें। आपकी ओर से किया गया शिकायत और अपलोड किया गया फोटो कंट्रोल रूम के सिस्टम में डाउनलोड होते ही उस पर संबंधित विभाग को टैग कर उसके समाधान का निर्देश दे दिया जाएगा, जिसके पश्चात मेला में प्रतिनियुक्त टीम वहां पहुंच जाएगी।

### वक्फ बोर्ड को समाप्त करने को लेकर मुख्यालय में दिया धरना

# जनसंख्या नियंत्रण कानून व एनआरसी लागू हो : फ्रंट



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** शुक्रवार को राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले साहिबगंज जिला कार्यकताओं ने संगठन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में शातिपूर्ण धरना किया तथा जनसंख्या विस्फोट एवं जनसंख्या असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित गृह युद्ध के खतरे को रोकने के लिए जिला अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है।धरने में उपस्थित कार्यकताओं ने बताया की अंधाधुंध संतानोंउत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा राजनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चे में जनसंख्या का संतुलन उसे वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता देखने लगा है भारत जनसंख्या में धार्मिक संतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है परंतु पूर्व की सरकारों की विभाजन के तुरंत बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसे ही परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही है कार्यकताओं ने आगे बताया की विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर हिंदू राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा विगत लगभग 12 वर्षों से हजारों छोटी बड़ी सभाएं धरना प्रदर्शन सांसद संवाद कार्यक्रम राष्ट्रपति सहित महत्वपूर्ण लोगों से भेंट आदि के रूप में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार तथा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है संगठन के जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन जनसंख्या नियंत्रण कानून₹ समान नागरिक संहिता नर्क और घुसपैठ नियंत्रण कानून बनाने के साथ-साथ वक्त बोर्ड को पूरी तरह निरस्त करने की मांग को लेकर लगातार अभियान चला रहा है उक्त आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमित शर्मा,संजीत यादव,अरविंद कुमार पांडे,श्रीकांत यादव अंकित पांडे रोहित कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कॉकटेल में दीपिका पादुकोण का बोल्ड अंदाज वेरोनिका के लुक्स बने थे फैशन का नया चेहरा

**दीपिका पादुकोण,** जो करीब 20 साल से फिल्मों में काम कर रही हैं, अब तक खुद को भारत की सबसे बड़ी और सबसे पसंदीदा हीरोइनों में शामिल कर चुकी हैं। वह अपने किरदारों में जान डाल देती हैं और उन्हें पूरे दिल से निभाती हैं। ऐसा ही एक यादगार रोल था कॉकटेल फिल्म में वेरोनिका का, जो आज से 13 साल पहले रिलीज हुई थी।

बेखौफ लेकिन दिल से जुड़ी वेरोनिका के किरदार में दीपिका ने अपने अंदाज से सबका दिल जीत लिया। सिर्फ उनके अभिनय ने ही नहीं, बल्कि फिल्म में उनका बोल्ड और बोहो-शिक स्टाइल भी जमकर चर्चा में रहा। हल्के-फुल्के बीचवियर, बिखरे बाल, मिक्स-मैच कपड़े और ग्लैमरस पार्टी ड्रेस – हर लुक ने एक नया फैशन ट्रेंड शुरू किया। कॉकटेल के 13 साल पूरे होने पर, चलिए फिर से नजर डालते हैं वेरोनिका के उस स्टाइल डायरी पर, जो आज भी लोगों को फैशन के लिए प्रेरित करती है। क्रॉप टॉप की ट्रेंड सेंटरः दीपिका ने वेरोनिका के किरदार में क्रॉप टॉप्स को गर्मियों का सबसे पसंदीदा फैशन बना दिया। चाहे आराम भरे दिन हों या मस्ती भरी रातें, उन्होंने इन्हें इतनी सहजता और स्टाइल के साथ पहना कि हर लड़की को क्रॉप टॉप चाहिए था। उनके लुक्स ने क्रॉप टॉप्स को फिर से ट्रेंडी बना दिया।

**चमक और ग्लैमरः** मेरा नाम जपदी फिरां गाने में दीपिका ने गोल्डन सिक्विन मिनी ड्रेस पहनकर सबका ध्यान खींच लिया था। इसके साथ उनके बोल्ड गोल्ड ब्रेसलेट्स ने लुक को और भी दमदार बना दिया। वेरोनिका को कभी चमकने से डर नहीं लगा, और 13 साल बाद भी उनकी ये ग्लिटर वाली स्टाइल हर लड़की की पार्टी नाइट अलमारी को आज भी प्रेरणा देती है।

**बिना झिझक का मिक्स एंड मैचः** वेरोनिका का बेखौफ फैशन अंदाज मिक्स एंड मैच पर टिका था–वो बिना किसी मेहनत के पजामा स्टाइल पैंट्स को स्लीवलेस टॉप्स के साथ पहनती थीं। उनके मजेदार और अलग-अलग कॉम्बिनेशन ने हमें ये सिखाया कि फैशन का असली मतलब खुद की पसंद, मस्ती और आत्मविश्वास से बनाए गए अपने ही नियम होते हैं।

बॉडीकॉन का जादूः वेरोनिका ने बॉडीकॉन ड्रेस को फिर से फैशन में ला दिया! उनकी नीले और सफेद रंग की शानदार ड्रेस ने







साबित कर दिया कि टाइट फिटिंग वाली ड्रेस सिर्फ पार्टी के लिए नहीं होती–ये बोल्ड होती हैं, फिगर को खूबसूरती से निखारती हैं और दिन के वक्त भी स्टाइल दिखाने के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। वेरोनिका के बिखरे और उलझे बाल खुद में एक स्टाइल थे– निराले, दिलकश और एकदम बेपरवाह। उन्होंने दिखा दिया कि ध्यान से बनाए गए बालों की जरूरत नहीं होती ध्यान खींचने के लिए। कई बार बिखरे बाल ही असली ग्लैमर होते हैं।

**दीपिका वाला देसी तड़का :** जहां वेरोनिका का अंदाज ज्यादातर बोहो और वेस्टर्न था, वहीं सेकंड हैंड जवानी गाने में दीपिका ने साड़ी को ग्लैमरस और मॉडर्न ट्विस्ट देकर सबको चौंका दिया। उन्होंने साबित किया कि ट्रेडिशनल कपड़े भी स्टाइलिश, दमदार और एकदम ट्रेंडी हो सकते हैं।

**हर मौसम में बूट्स का जलवाः** वेरोनिका ने दिखा दिया कि बूट्स सिर्फ सर्दियों के लिए नहीं होते। कॉकटेल में दीपिका पादुकोण ने इन्हें ड्रेस, स्कर्ट और शॉर्ट्स के साथ इतनी आसानी और स्टाइल से पहना कि बूट्स हर मौसम का फैशन स्टेटमेंट बन गए।

## मीना कुमारी और मधुबाला की बायोपिक में काम करना चाहती हैं तृप्ति डिमरी



**बॉलीवुड** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, मीना कुमारी और मधुबाला की बायोपिक में काम करना चाहती हैं। फिल्म एनिमल में तृप्ति डिमरी ने जोया का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके प्रदर्शन और आकर्षक उपस्थिति के कारण, सोशल मीडिया पर उनकी लोकप्रियता बढ़ी और फैंस ने उन्हें नेशनल क्रश का खिताब दिया। तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुवेर्दी के साथ धड़क 2 में नजर आएंगी।

तृप्ति डिमरी बायोपिक फिल्मों में काम करना चाहती है। तृप्ति डिमरी ने बताया कि वह मीना कुमारी और मधुबाला की बहुत बड़ी फैन है। तृप्ति डिमरी ने बताया कि यदि उन्हें अवसर मिले तो वह मीना कुमारी और मधुबाला की बायोपिक में काम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि यह उनके लिये किसी सपने के सच होने जैसा होगा।

तृप्ति डिमरी ने कहा कि वह एक्शन फिल्मों में काम करना चाहती है। तृप्ति ने कहा,मैंने अभी तक कभी एक्शन नहीं किया और मुझे लगता है कि यह एक ऐसा जॉनर है जिसमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## कॉलेज में मुलाकात, एक ही क्लास और फिर प्यार, धडक 2 का ट्रेलर रिलीज

**बॉलीवुड स्टार** सिद्धांत चतुवेर्दी-तृप्ति डिमरी की फिल्म धडक 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 2018 में प्रदर्शित जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धडक को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब फिल्म धडक का सीक्वल धडक 2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। धडक 2 की कहानी दो ऐसे प्यार करने वालों पर आधारित है, जिनके बीच सोशल स्टेटस की दीवार इतनी बड़ी होती है उनका अटूट प्यार भी उसे तोड़ नहीं पाता। ट्रेलर की शुरूआत निलेश (सिद्धांत चतुवेर्दी ) और विधि (तृप्ति डिमरी) से होती है, जिनकी मुलाकात कॉलेज में होती है। दोनों एक ही क्लास में होते हैं, दोस्ती से शुरू हुआ उनका यह रिश्ता प्यार में बदल जाता है। शुरूआत में सब ठीक होता है, लेकिन जैसे ही विधि के परिवार को निलेश के बारे में पता चलता है तो तूफान आ जाता है। ऊंचे जाति की निधि का छोटे जाति वाले लडके के साथ होना उनके परिवार को रास नहीं आता है। वो लोग निलेश को मारते हैं उसकी और उनके परिवार को अपमानित करते हैं। उस पर कीचड़ उछालते हैं। परिवार पूरी कोशिश करता है कि विधि, निलेश से दूर हो जाए, लेकिन वह उसका साथ छोड? के लिए तैयार नहीं है। धडक 2 में तृप्ति डिमरी, सिद्धांत चतुवेर्दी, सौरभ सचदेव, मंजिरी पुपाला, विपिन शर्मा, दिशांक अरोड़ा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। शाजिया इकबाल निर्देशित यह फिल्म एक अगस्त को रिलीज होगी।



## शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद को लेकर जताई नाराजगी

**लंदनः** इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10.3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया। बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी। दूसरी नई गेंद 1.869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी, जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था।

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज



स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर।

एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा, ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ह्यये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत। भले ही वह देखने में कैसी लग रही है, शेप कैसा है, इससे क्या मतलब जब गेंदबाज को मदद मिल रही हो ? मुझे लगता है उस समय गेंद को बदलने की मांग करना ही हैरान करने वाला फैसला था।

2020 से ही ड्यूक्स गेंद सुर्खियां बटोर रही है, लगातार ये गेंद नरम हो जाती है और आकार भी खो देती है। ईसीबी ने भी इसी को देखते हुए काउंटी चैंपियनशिप के चार चरणों में ड्यूक्स की जगह कूकाबुरा गेंद को आजमाया था। इस सीरीज की बात करें तो शुरू से ही दोनों कप्तानों की तरफ से गेंद को लेकर शिकायतें आ रही हैं। गेंद के साथ-साथ पिच ने भी इस सीरीज में कई बार नाटकीय नतीजे सामने लाया है। 31 से 80 ओवर के बीच में इस सीरीज में 86.09 की औसत से विकेट गिरे हैं, जब से हम गेंद दर गेंद कॉमेंट्री कर रहे हैं झ इंग्लैंड में ये सर्वाधिक औसत है। सिर्फ इंग्लैंड में ही नहीं अगर ओवरऑल टेस्ट इतिहास की बात करें तो जब से हम गेंद दर दर गेंद कॉमेंट्री कर रहे हैं ये औसत एक टेस्ट सीरीज में तीसरी सर्वाधिक है। इससे ऊपर सिर्फ 2008-09 में श्रीलंका के पाकिस्तान दौरे और 2000-01 में जिम्बाब्वे के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान देखने को मिली थी।

## अव्यान में काम करती नजर आएंगी अनुष्का कौशिक



**अभिनेत्री** अनुष्का कौशिक फिल्म अव्यान में काम करती नजर आएंगी। अनुष्का कौशिक आज की युवा पीढ़ी की प्रतिभशाली अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं। लस्ट स्टोरीज 2 हो या पटना शुक्ला, घर वापसी हो या गर्मी अनुष्का हर बार अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। अब इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री का अगला पड़ाव है सुनील कोठारी की स्पिरिचुअल फिल्म अव्यान, जिसमें अनुष्का का लुक और किरदार दोनों ही एकदम हटके होने वाला है।

अनुष्का ने कहा कि अव्यान का हिस्सा बनना मेरे लिए एक स्पिरिचुअल जर्नी जैसा रहा। स्क्रिप्ट पढ़ते ही दिल छू गई। कैसे ये कहानी रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों को गहराई से जोड़ती है, वो बहुत खास है। बनारस जैसे शहर में शूट करना, उसकी एनर्जी और श्रद्धा के बीच काम करना वाकई विनम्र अनुभव था। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति को ईमानदारी और दिल से सेलिब्रेट करती है। सुनील कोठारी ने कहा,अनुष्का के अंदर एक सच्चाई है जो उनके हर किरदार में झलकती है। अव्यान के लिए मैं किसी ऐसे चेहरे की तलाश में था जो ताकत और नाजुकता दोनों को साथ लेकर चल सके। मुझे पूरा भरोसा है कि दर्शक उन्हें इस फिल्म में एक नए अंदाज में देखेंगे और भूल नहीं पाएंगे।

## ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, तोड़ दिया सर विवियन रिचड्र्स का सालों पुराना यह रिकॉर्ड

**एजेंसी/लार्डसः** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच क्रिकेट के मक्का लॉड्र्स क्रिकेट मैदान में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 387 रन बनाए हैं। इसके जवाब में भारत ने अब तक तीन विकेट के नुकसान पर 250 के करीब रन लिए हैं। भारत की ओर से पंत और राहुल क्रीज पर डटे हुए हैं। एक तरफ जहां राहुल शतक के करीब पहुंच गए हैं तो वहीं पंत ने भी अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। पंत ने अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा



किया। इस छक्के के साथ ही ऋषभ पंत ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर डाला है।

दरअसल पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में अब तक 35 छक्के जड़ दिए हैं, जिससे उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचड्र्स को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 34 छक्के जड़े थे। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब पंत के नाम दर्ज हो गया है,

## लॉड्र्स टेस्ट में तीसरे दिन तक बराबरी की टक्कर

### जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ 9वां और ओवरऑल 25वां अर्द्धशतक जड़ा

**एजेंसी/ लाड्र्सः** भारत और इंग्लैंड के बीच लाड्र्स मैदान पर खेला जा रहा टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। मैच के तीसरे दिन अंतिम समाचार लिखने तक भारत ने पहली पारी में 387 रन बना लिए थे। इस आधार पर भारत की पहली पारी इंग्लैंड खिलाफ बराबरी पर छूटी। जवाब में इंग्लैड ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए दो रन बना लिए थे। इससे पहले भारत ने तीसरे दिन 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था।



ऋषभ पंत (74 रन) रनआउट हुए।

नीतीश कुमार रेड्डी (30 रन) को बेन स्टोक्स, केएल राहुल (100 रन) को शोएब बशीर ने पैवेलियन का रास्ता दिखाया। रविंद्र जडेजा 72 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 23 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 387 रन बनाए थे। बुमराह ने पहली पारी में पांच विकेट झटके थे।

न्यूज ब्रीफ



## पंजाब के चार पर्यटकों को मंडी पुलिस ने घने जंगल से किया रेस्क्यू, भटक गए थे रास्ता

**मंडीः** सदर पुलिस थाना मंडी ने 4 मील के घने जंगल से चार लोगों का रेस्क्यू किया है। शनिवार रात को 4 मिल के पास सड़क बंद होने से पंजाब पर्यटक पगडंडी के रास्ते से पैदल ही दूसरी ओर चल पड़े। लेकिन कुछ दूरी चलने के बाद जब रास्ता भटके तो जंगल में ही लगभग 6 घंटे गुजारने पड़े। इस बीच डरे सहमे एक पर्यटक ने सदर थाना मंडी फोन किया और उन्हें यहां से सुरक्षित बाहर निकालने की बात कही। 10:00 बजे के करीब सूचना मिलते ही सदर थाना की टीम इंस्पेक्टर देशराज के नेतृत्व में चार मील की ओर चल पड़ी। वहीं लगभग 2 घंटे तक जंगल में सर्च ऑपरेशन करने के बाद जब दो पर्यटकों की आवाज आई, तो टॉर्च और डंडों के सहारे उन्हें गहरी ढांक में से निकाल गया। जहां वे दोनों ही पेड़ पकड़ कर बैठे थे।

घना जंगल होने के चलते दोनों ही पर्यटक बुरी तरह से घबरा गए थे, जिस कारण वे दोनों वहां से हिलने को तैयार नहीं थे। थाना प्रभारी देशराज ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं अन्य दो की तलाश शुरू कर दी। दो व्यक्तियों को सदर पुलिस ने कुछ ही दूरी से रिस्क्यू किया। पुलिस ने दोनों को सम्पर्क में लिया। जब तक पुलिस उन दोनों को रेस्क्यू करती तब तक एसडीआरएफ की टीम भी जंगल में पहुंच चुकी थी। सदर थाना की टीम ने एसडीआरएफ के साथ तीन

पर्यटकों और एक धर्मपुर निवासी व्यक्ति को घने जंगल से बाहर निकाला और मुख्य सड़क पर लाकर पानी पिलाया। जिसके बाद उनसे पूछताछ की गई।पूछताछ में पता चला कि कुछ स्थानीय लोगों के पीछे वह चारों ही यहां से पैदल चल पड़े थे, लेकिन कुछ दूरी तक चलने के बाद स्थानीय लोग उनसे आगे निकल गए और वह जंगल में ही भटके रहे। बता दें कि लगभग 4 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीन पर्यटकों को मंडी गुरुद्वारा में छोड़ा गया वहीं धर्मपुर निवासी एक व्यक्ति को प्राइवेट गाड़ी करके घर भेजा गया। इस दौरान तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए थे।

## बिहार ने नवीकरणीय ऊर्जा नीति को दी मंजूरी, पांच साल में 24 गीगावाट क्षमता हासिल करने का लक्ष्य

**पटनाः** नीति का मकसद स्वच्छ ऊर्जा के साथ ऊर्जा भंडारण क्षमता को भी बढ़ावा देना है। इसके तहत 2029-30 तक 23.97 गीगावट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और 6.1 गीगवाट घंटा (जीडब्ल्यूएच) भंडारण क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा को तेजी से अपनाना, बड़े पैमाने पर निवेश लाना और 2070 तक भारत के कार्बन उत्सर्जन को शुद्ध रूप से शून्य स्तर पर लाने के लक्ष्य की ओर ठोस योगदान देना है। नीति में विविध नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना को बढ़ावा देने, समावेशी विकास तथा रोजगार और नवोन्मेष में वृद्धि पर जोर दिया गया है। बिहार सरकार के ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, ह्लयह देश की सबसे प्रगतिशील नीतियों में से एक है। इसके जरिए बिहार न केवल स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा, बल्कि शुद्ध रूप से शून्यकार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, यह नीति बिहार को देश के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में शामिल करेगी और राज्य को नवीकरणीय ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनाकर रोजगार के बड़े अवसर पैदा करेगी। नीति के तहत देशभर के निवेशकों और कंपनियों को आकर्षित करने के लिए कई आकर्षक और प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है। इसमें परियोजनाओं की मंजूरी प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने के लिए एकल-खिड़की मंजूरी व्यवस्था शामिल है। राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी), भूमि रूपांतरण शुल्क और भूमि के पट्टे या हस्तांतरण पर लगने वाले स्टांप शुल्क की 100 प्रतिशत वापसी जैसे व्यापक वित्तीय लाभ भी दिए गए हैं। इसके अलावा नीति के तहत 15 साल तक बिजली शुल्क से पूरी छूट और 25 साल के लिए ओपन एक्सेस यानी खुली पहुंच की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने बयान में कहा कि ये सभी प्रावधान बिहार को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।

## पटना में एक और मर्डर, रात को खेत में पटवन करने गया हुआ था किसान, बदमाशों ने मारी गोली, मचा हड़कंप

**पटनाः** बिहार की राजधानी पटना से एक दिल-दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पर अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

**जांच में जुटी पुलिस :** जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के पिपरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि शेखपुरा गांव निवासी और किसान सुरेंद्र केवट (55) शनिवार की रात खेत में पटवन करने गया हुआ था। इस दौरान अपराधियों ने गोली मारकर किसान को घायल कर दिया। घायल कियान को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## लिथियम के लिए रूसी कंपनी से साझेदारी करेगी एनएलसी इंडिया,मस्क के एक्स को मिली 2 करोड़ की फंडिंग

**नई दिल्लीः** सरकारी कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीकी देश माली में स्थित एक लिथियम खदान से लिथियम हासिल करने के लिए रूस की सरकारी कंपनी के साथ उन्नत चरण की बातचीत कर रही है। यह साझेदारी भारत की क्लीन एनर्जी जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी निर्माण के क्षेत्र में। एनएलसी इंडिया पारंपरिक रूप से कोयला और लिग्नाइट खनन में सक्रिय रही है, लेकिन अब उसने नवीकरणीय ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी विस्तार किया है। कंपनी को हाल ही में छत्तीसगढ़ में दो रणनीतिक खनिज ब्लॉक भी मिले हैं।

**मस्क के एक्स को मिली 2 करोड़ की फंडिंगः** एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्स(एआई) को स्पेसएक्स से 2 अरब डॉलर की बड़ी फंडिंग मिली है। यह निवेश 5 अरब डॉलर के इक्विटी राउंड का हिस्सा है, जिससे एक्स(एआई) की वैल्यू अब 113 अरब डॉलर हो गई है। हाल ही में एक्स(एआई) का मर्जर एक्स के साथ हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, अब ग्रॉक चैटबॉट स्टारलिंक की कस्टमर सर्विस में इस्तेमाल हो रहा है और भविष्य में टेस्ला के ऑप्टिमस रोबोट में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। मस्क ने ग्रॉक को दुनिया का सबसे स्मार्ट एआई बताया है, हालांकि हालिया विवादों के बाद भी कंपनी भारी निवेश कर रही है।

**सितंबर में महंगी होंगी मर्सिडीज की कारें, कंपनी ने तीसरी बार कीमत बढ़ाने का किया ऐलान :** मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपनी गाड़ियों की कीमत में 1 से 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया कि यूरो के मुकाबले रुपये की कमजोरी के चलते यह फैसला लिया गया है। यह इस साल की तीसरी कीमत बढ़ोतरी होगी।

# भूखे लोगों के लिए कब्रिस्तान बना गाजा, भोजन के इंतजार में 819

### यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख बोले, नरसंहार की क्रूर और चालाक योजना अंजाम दे रहा इजरायल

**एजेंसी/ यरूशलमः** फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि इजरायल गाजा में नरसंहार की एक क्रूर और चालाक योजना को अंजाम दे रहा है और मई से सहायता मांगते हुए लगभग 800 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। यह रिपोर्ट अल जजीरा ने शनिवार को पेश की। यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी निगरानी में, गाजा बच्चों और भूखे लोगों के लिए कब्रिस्तान बन गया है।




लाजारिनी गुरुवार को मध्य गाजा शहर देइर अल-बला में पोषण संबंधी पूरक आहार के लिए कतार में खड़े नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित 15 लोगों की इजरायली सेना द्वारा हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई है, जब चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि राफा में जीएचएफ द्वारा संचालित सहायता केंद्र के पास 45 लोग मारे गए। विवादास्पद अमरीकी और इजरायल समर्थित जीएचएफ ने मई में अपना संचालन शुरू करने के बाद से गाजा के संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले सहायता वितरण नेटवर्क को प्रभावी ढंग से दरकिनार कर दिया है, जब इजरायल ने गाजा पर अपनी दो महीने से अधिक लंबी नाकेबंदी में ढील दी थी।

**भोजन के इंतजार में 819 मौतें :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि तब से अब तक भोजन का इंतजार करते हुए 819 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 634 लोग जीएचएफ स्थलों के आसपास और 185 लोग मानवीय सहायता काफिलों के पास मारे गए हैं, जिनमें से कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित हैं। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने मई से सात जुलाई के बीच गाजा में सहायता केंद्रों के पास 798 हत्याएं दर्ज की हैं।

### परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान की निकली हेकड़ी

## शहबाज शरीफ बोले- हमारा परमाणु कार्यक्रम तो..

**नई दिल्ली :** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को बार-बार परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाला पाकिस्तान अब पीछे हटता दिख रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ संभावित परमाणु संघर्ष की आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। यह बयान भारतीय सैन्य कार्रवाई के कुछ ही दिनों बाद आया है।



इस्लामाबाद में छात्रों को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा, पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांति बनाए रखने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए है, न कि आक्रामकता के लिए।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदला लहजाः प्रधानमंत्री शरीफ का यह बयान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आया है। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर मौजूद आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल हमले किए थे। बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों सहित कुल नौ आतंकी अड्डों को निशाना बनाया गया। भारतीय कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान की सेना ने भी जवाबी कार्रवाई का दावा किया, जिसमें पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के मुताबिक 55 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए।

**परमाणु हमले की धमकी पर यू-टर्न :** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव चरम पर था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने परमाणु हथियारों के संभावित उपयोग की बात कही थी, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विकल्प सिर्फ तब इस्तेमाल होगा जब देश के अस्तित्व पर सीधा खतरा हो।

इसके बाद, आईएसआई के पूर्व प्रमुख जावेद अशरफ काजी ने भी आगाह किया कि अगर परमाणु युद्ध छिड़ा, तो उसका असर सिर्फ भारत-पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र को तबाह कर देगा। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के जापान पर हुए परमाणु हमलों की तुलना करते हुए कहा, दो बमों का असर आज तक दिख रहा है, हमारे पास तो 170 से अधिक हथियार हैं–युद्ध की कल्पना भी विनाशकारी होगी।



## विदेश मंत्री एस जयशंकर का तीन दिवसीय चीन दौरा, एससीओ बैठक में होंगे शामिल,5

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार से चीन की तीन दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। वे तियानजिन में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कई बार अंतरराष्ट्रीय बैठकों के दौरान अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की है। लेकिन, जून 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई तनाव के बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा होगी।

अक्टूबर 2024 में रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच लगभग पांच साल बाद पहली बार एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत-चीन संबंधों की नींव आपसी भरोसे, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता होगी। सकारात्मक और टिकाऊ संबंधों को बनाए रखने के लिए इन तीन प्रमुख बिंदुओं को ध्यान में रखना जरूरी है।

तब से, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री कई जटिल मुद्दों पर गहन चर्चा करने के लिए बीजिंग का दौरा कर चुके हैं।

बीजिंग में पिछले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के नामित आतंकी समूहों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अल कायदा, आईएसआईएस और उनके सहयोगियों से लगातार खतरे की गहरी चिंता है। ये खतरनाक आतंकी संगठन, विशेष रूप से पाकिस्तान से संचालित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद भारत के लिए बड़ा खतरा हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद सीमा पार आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए भारत सरकार की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड को त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और संस्थाओं के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था।

अपनी यात्रा के दौरान, डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो सदस्य और देश के विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात की थी।

## बाबाधाम पहुंचे सांसद पप्पू यादव, दिशोम गुरु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए की प्रार्थना, 6

**देवघरः** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने श्रावणी मेला के दूसरे दिन बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के बेहतर स्वास्थ्य की प्रार्थना की। उन्होंने झारखंड के लोगों के बेहतर भविष्य की भी कामना की।



**गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को मिलेगी मददः सांसद :** उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने विकास की एक बेहतर लकीर खींची है। इसी तरह हैदराबाद और कर्नाटक में भी कांग्रेस की सरकार महिलाओं के लिए बेहतर कार्य कर रही है। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि जिस तरह से झारखंड में महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत तीन हजार रुपये प्रति माह मिल रहे हैं, वैसे ही बिहार में माय-बहिन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक मदद पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बिहार में बनती है तो वह बिहार की महिलाओं को आर्थिक मदद कर उन्हें सशक्त बनाने का काम करेंगी। उन्हें किसी के भरोसे नहीं रहना होगा।

**बिहार चुनाव में झामुमो को सम्मान मिलना चाहिएः** सांसद वहीं, हेमंत सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी ने कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों को सम्मान दिया है, वैसे ही बिहार चुनाव में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा को सम्मान मिलना चाहिए. इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन से मांग की कि बिहार चुनाव में झामुमो को सात से आठ सीटों पर चुनाव लड़ने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन व्यापक जीत चाहती है तो सभी छोटे-मोटे राजनीतिक दलों को एकजुट करें. सभी बड़े राजनीतिक दल अपने अहंकार को खत्म करें। सासंद ने कहा कि गठबंधन में किस पार्टी के पास कितने प्रतिशत वोट है, इसे ना देखें बल्कि सभी को सम्मान देते हुए सबको एक प्लेटफार्म पर लाएं ताकि भाजपा को भारी अंतर से हराया जा सके। गौरतलब है कि बिहार में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं. इसे लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारी में जुटी हुई है. सभी पार्टियां ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है।

# नॉर्थ कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाएं , रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को दी चेतावनी

**एजेंसी/सियोल :** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को उत्तर कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन बनाने को लेकर सख्त चेतावनी दी है। यह बयान उन्होंने शनिवार को उत्तर कोरिया के वोनसान शहर में किम जोंग उन से मुलाकात के दौरान दिया।



इस मुलाकात में रूस और उत्तर कोरिया के बीच सैन्य और आर्थिक सहयोग को और आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। लावरोव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का संदेश भी किम तक पहुंचाया। इस मौके पर किम जोंग उन ने कहा कि उनका देश यूक्रेन युद्ध में रूस का बिना शर्त समर्थन करेगा।

उत्तर कोरिया की सरकारी एजेंसी ङउठअ के मुताबिक, किम ने कहा कि प्योंगयांग और मॉस्को सभी बड़े अंतरराष्ट्रीय मामलों पर एक जैसी राय रखते हैं, और यह रिश्ता अब गठबंधन जैसे स्तर तक पहुँच चुका है। लावरोव ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साझा गतिविधियों को तेज करने की बात कही।

पिछले कुछ वर्षों में रूस और उत्तर कोरिया के रिश्ते काफी नजदीक हुए हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, उत्तर कोरिया रूस को यूक्रेन युद्ध में हथियार और सैनिक मदद दे रहा है, जबकि रूस उत्तर कोरिया को सैन्य और आर्थिक समर्थन दे रहा है। इस बढ़ती नजदीकी से अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया में चिंता है।

इन देशों को आशंका है कि रूस उत्तर कोरिया को ऐसी तकनीकें मुहैया करा सकता है, जो उसके परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को और खतरनाक बना सकती हैं। लावरोव ने उत्तर कोरियाई विदेश मंत्री चोई सन हुई से बातचीत के बाद कहा कि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया के आसपास सैन्य दबाव बढ़ा रहे हैं, जो खतरे की घंटी है।

उन्होंने तीनों देशों को आगाह करते हुए कहा कि इनकी आपसी साझेदारी को रूस या उत्तर कोरिया के खिलाफ इस्तेमाल न किया जाए। गौरतलब है कि अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने हाल ही में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम के जवाब में त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास तेज कर दिए हैं।

शुक्रवार को इन तीनों देशों ने कोरियाई प्रायद्वीप के पास संयुक्त हवाई अभ्यास किया, जिसमें अमेरिकी न्यूक्लियर कैपेबल फाइटर जेट्स भी शामिल थे। उत्तर कोरिया इन अभ्यासों को अपने खिलाफ युद्ध पूर्व तैयारी मानता है और कहता है कि उसे अमेरिका की धमकी से निपटने के लिए परमाणु हथियार विकसित करने पड़ रहे हैं। लावरोव ने कहा कि उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हम उनकी स्थिति को समझते हैं, और उनका यह विकास उनके वैज्ञानिकों की अपनी मेहनत का परिणाम है।यह बैठक वोनसान शहर में हुई, जहां उत्तर कोरिया ने हाल ही में एक विशाल समुद्री रिसॉर्ट खोला है, जिसमें एक साथ 20,000 लोग ठहर सकते हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## ऐसे उपायुक्त पर हमें गर्व है और उम्मीद भी



**बिनय मिश्रा :** विकास के प्रति समर्पित सरकार के प्रयास और कार्यों को गति देने का दायित्व पूर्ण रुपेण जिला प्रशासन की होती है। उपायुक्त समस्या को जान लें कष्टप्रद व्यक्ति के भावनाओं को पढ़ लें तो इसका समाधान निश्चित रूप से होता है।

जी हाँ हम बात कर रहे हैं बोकारो के उपायुक्त अजयनाथ झा की अजयनाथ झा ने फरियादी के रूप में पहुंचे दिव्यांग सुरेश की पीड़ा को देखा और जाना तथा उसे 24 घंटे के अंदर ई ट्राई साईकिल दिलाकर और उसके चेहरे पर मुस्कान लाकर यह संदेश दिया कि जिला प्रशासन पीड़ित व्यक्ति के मर्म को समझने और उसे दूर करने का कार्य करता है। उपायुक्त ने यह भी संदेश दिया है कि जिला प्रशासन बोकारो विकास के साथ साथ जनसमस्या को तत्क्षण दूर करने के लिए भी प्रयत्नशील है। ऐसे आईएएस अधिकारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित हैं।

## चर्म रोग चिकित्सकों ने लगाए कैंप

**जमशेदपुर :** देशभर के चर्म रोग चिकित्सकों ने प्रत्येक राज्य के विभिन्न शहरों में मुफ्त चिकित्सा कैंप लगाए। जमशेदपुर में भी चर्म रोग चिकित्सकों ने चार जगह कैंप लगाए। इसमें लोगों को चर्म रोग के इलाज के प्रति जागरूक किया गया एवं उन्हें बताया गया कि किस तरह के लक्षणों के क्या रोग हो सकते हैं। इस दौरान मरीजों को दवाइयां भी बांटी गई।

## बर्मामाइंस ईस्टप्लांट बस्ती में पेवर्स ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य शुरू

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर टीएसयूआईएसएल (जुस्को) द्वारा बमार्माइंस ईस्टप्लांट बस्ती में अटल सामुदायिक भवन से संदीप मिश्रा के घर तक पेवर्स ब्लॉक सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।इस संबंध में जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम के जिला उपाध्यक्ष दुर्गा राव एवं बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बस्ती की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। बस्तीवासियों ने इसकी मरम्मत को लेकर लगातार मांग उठाई थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों की ओर से विधायक सरयू राय से अनुरोध किया गया था।

## रेलवे क्रॉसिंग पर यंत्रों के काम करने की होगी औचक जांच

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल के ज्यादातर रेलवे क्रॉसिंग पर सीसीटीवी कैमरे और वॉयस लॉगर्स (ट्रैक रिकॉर्डर) लगा हुआ है। इधर, रेलवे बोर्ड ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैक रिकॉर्डर की औचक जांच करने का आदेश दिया है ताकि, ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हो सके। बताया जाता है कि, हाल के दिनों में क्रॉसिंग पर हादसा होने के बाद रेलवे में यह आदेश हुआ है। इससे टाटानगर आदित्यपुर और चक्रधरपुर मंडल के अधिकारी भी सतर्क हो गए और विभिन्न क्रॉसिंगों पर जांच के लिए इंजीनियरिंग और परिचालन विभाग के सुपरवाइजर की टीम बनी है। जिससे ट्रैक में होने वाली खराबी का तत्काल पता लगाकर तत्काल सुधार किया जा सके।

मालूम हो कि, क्रॉसिंग की लाइन से ट्रेन गुजरने के दौरान कोच के पहियों और लाइन में खराबी व अन्य खामियों का पता तत्काल लगाने की सुविधा है। निरीक्षण के दौरान फाटकों को खोलने व बंद करने और निजी नंबर का आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया पर भी नजर रखने का आदेश है।

## रोजगार मेला में 143 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**धनबाद :** धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार मेला में केंद्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी ने 143 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। शनिवार को पूरे देशभर में 47 जगहों पर रोजगार लगाकर भारत सरकार ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एक साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। उन्होंने केंद्रीय उपकरणों में स्थायी रोजगार पाने वाले युवाओं को बधाई दी। जल शक्ति मंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व कहा कि यह 16वीं रोजगार मेला है। केंद्र सरकार की ओर से लगातार युवाओं के लिए रोजगार दिया जा रहा है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे चल कर रोजगार सृजन में उत्प्रेरक का काम करेगा। धनबाद रेल मंडल में 450 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम हो रहा है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। आंतरिक संरचना मजबूत होने के साथ भारत को विकसित बनाने के लिए यह प्रयास सार्थक साबित होगा। धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में रेलवे में 122, पोस्टल में 11, स्वास्थ्य में छह और गृह विभाग में नौकरी पानेवाले चार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। डीआरएम अखिलेश मिश्र ने मंत्री और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, विभाग मथुरा महतो, एडीआरएम अमित कुमार, सीनियर डीसीएम मोहम्मद इकबाल, सीनियर डीपीओ अशोक कुमार, सीनियर कमांडेंट अनुराग मीणा, भाजपा नेता नितिन भट्ट, मिल्टन पार्थसारथी, जदयू नेता पिंटू सिंह आदि उपस्थित थे।

## फल की बुकिंग कर राजधानी एक्सप्रेस में ढोयी महंगी शराब

**धनबाद :** राजधानी एक्सप्रेस से शराब तस्करी का खुलासा हुआ है। ट्रेन की लीज होल्डर बोगी से मंगाई गई शराब की खेप को धनबाद आरपीएफ पोस्ट की टीम ने पकड़ा। फल के नाम पर पार्सल बुकिंग कर ट्रेन पर शराब से भरे नौ पैकेट चढ़ा दिए गए थे। लीज होल्डर के एजेंट ने जैसे ही पैकेट को बाहर निकलवाया वैसे ही आरपीएफ ने दबिश देकर पकड़ लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश ने बताया कि सियालदह राजधानी से नई दिल्ली से मंगाई गई पैकेटों को खोला गया तो उसमें 2.81 लाख रुपए की महंगी शराब की 97 बोतलें मिलीं। दरअसल, रेलवे ट्रेनों की पार्सल बोगियों को लीज पर एजेंसियों को देता है। सियालदह राजधानी की एसएलआर बोगी को दो साल के लिए दिल्ली की एजेंसी को दी गई है। एजेंसी के जरिए धनबाद के किसी दुर्गेश के नाम से नौ पैकेट सहित 20 पैकेट की लोडिंग हुई थी। इन पैकेटों को लेने के लिए एक आदमी स्कूटी से पहुंचा था। जैसे ही जांच शुरू हुई वह स्कूटी छोड़ फरार हो गया। पार्सल ऑफिस के बाहर खड़ी टोटो में लदी शराब के पैकेटों को टोटो सहित आरपीएफ की टीम ने जब्त किया।

# बोल बम के नारों से गूंजा 'बाबाधाम' पहली सोमवारी पर भारी भीड़ की उम्मीद





संवाददाता

**देवघर:** 14 जुलाई को पहली सोमवारी होगी। श्रावणी मेले की शुरूआत होते ही मंदिर में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शनिवार को करीब 1 लाख 46 हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वहीं, रविवार सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिल रही है। मंदिर के हर कोने में बोल बम के नारे की गूंज सुनाई दे रही है।

अरघा सिस्टम से किया जा रहा जलाभिषेक

रविवार को चार बजे सुबह ही मंदिर का पट खोल दिया गया था। इसके बाद से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अरघा प्रणाली के माध्यम से जलाभिषेक करते दिख रहे हैं। रविवार की भीड़ को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि शाम तक श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख से ऊपर होगी।

पहली सोमवारी को दोगुनी भीड़ की उम्मीद

मंदिर के वरिष्ठ पंडा लंबोदर परिहस्त ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है क्योंकि आज तृतीया तिथि है। उन्होंने कहा कि कल सावन की पहली सोमवारी होगी। आज जो श्रद्धालुओं की भीड़ दिख रही है, इससे दोगुनी भीड़ सोमवार को देखने को मिलेगी। वहीं, मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि आज की भीड़ काफी अधिक है। एक व्यक्ति को पूजा करने में सात से आठ घंटे लग जा रहे हैं। सड़कों पर भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

भीड़ नियंत्रण को लेकर डीसी ने की बैठक

इधर, रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शनिवार की देर शाम जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कांवरिया पथ एवं रूट लाइन का निरीक्षण किया। भीड़ नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन के साथ शनिवार देर शाम बैठक भी की गई। इस दौरान देवघर के एसडीओ रवि कुमार ने सभी पदाधिकारियों को विपरीत परिस्थितियों में प्रशासन को कैसे काम करना है, इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आज शाम तक भीड़ और भी ज्यादा बढ़ेगी, क्योंकि जो लोग सोमवार को जलाभिषेक करने की सोच रहे हैं, वह रविवार शाम से ही रूट लाइन में खड़े हो जाएंगे।

चप्पे-चप्पे तर तैनात किए गए सुरक्षा जवान

मालूम हो कि पूरे जिले में भीड़ मैनेजमेंट को लेकर जगह-जगह पर प्रशासन तैनात है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर मेला क्षेत्र में दो आईपीएस, 44 डीएसपी, 96 थाना प्रभारी, 127 सब इंपेक्टर सहित हजारों पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमें भी विभिन्न जगहों पर तैनाती की गई है। जिला प्रशासन के लिए रविवार और सोमवार का दिन सबसे चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि इन्हीं दो दिन सबसे ज्यादा श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

## उपायुक्त ने पहली सोमवारी को लेकर रुटलाइन का किया निरीक्षण



### बाबा मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के अलावा नंदन पहाड़, तिवारी चौक, बीएड कॉलेज शिवराम झा, जलसार पार्क का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता

राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के आने वाले पहले सोमवारी को लेकर उपायुक्त सह दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने नंदन पहाड़ सर्किल, बरमसिया, परमेश्वर दयाल रोड, बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, जलसार पार्क, शिवराम झा चौक में की गई तैयारियों की बारीकी से जांच करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, पेयजलापूर्ति, शौचालय, साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था रहे, ताकि पूरे एक माह तक चलने वाले इस मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो। साथ श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करने हेतु बनाये गए रुटलाइन में विशेष साफ-सफाई का निर्देश दिया।

## पलामू के ग्रामीण बैंक में चोरी की कोशिश गैस सिलेंडर समेत कई उपकरण बरामद

### 2024 में भी हुई थी चोरी

संवाददाता

**पलामू :** जिले के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बेलवाटिकर के इलाके में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में चोरी की कोशिश हुई है। चोरी की कोशिश शनिवार की रात 11:30 के करीब की है। पुलिस को मौके से गैस कटर समेत कई उपकरण बरामद हुए हैं। 2024 में भी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बेलवाटिकर शाखा में करीब 10.50 लाख रुपए की चोरी हुई। उस दौरान चोर खिड़की तोड़कर बैंक के अंदर घुसे थे और तिजोरी की चाबी निकालकर घटना को अंजाम दिया था।

दरअसल, शनिवार की देर रात स्थानीय लोगों ने बैंक के पास कुछ संदिग्ध गतिविधि को देखा था। मोहल्ले के लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी मेदिनीनगर टीओपी 2 के पुलिस को दी। टीओपी 2 के प्रभारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन शुरू की। बैंक के पास से पुलिस को गैस कटर गैस सिलेंडर समेत कई उपकरण बरामद हुए हैं। वहीं, चोरों की गतिविधि सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस ने कई तकनीकी बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है। सीसीटीवी में चोर मुंह पर कपड़ा बांधे नजर आ रहे हैं। टीओपी 2 के प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। मौके से गैस सिलेंडर गैस कटर समेत कई सामग्री बरामद हुआ है। पुलिस को सीसीटीवी भी बरामद हुआ है। बता दें कि जिस इलाके में चोरों ने बैंक को निशाना बनाकर चोरी करने की कोशिश की है, वह पलामू का पॉश इलाका माना जाता है। घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी पर रेलवे स्टेशन है।



## कॉलेजों से प्लस टू में शिफ्ट होनेवाले 12वीं छात्रों का नहीं लगेगा रजिस्ट्रेशन शुल्क

धनबाद । जिले के छह अंगीभूत कॉलेजों से 12 प्लस टू स्कूलों व इंटर कॉलेजों में शिफ्ट होने वाले 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए जैक (झारखंड एकेडमिक काउंसिल) ने एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी कर दी है। जैक ने स्पष्ट कर दिया है कि संबंधित छात्रों के पूर्व पंजीयन का स्थानांतरण नवसंस्थान से किए जाने का दायित्व जैक होगा। इस मद में कोई भी शुल्क परिषद की ओर से नहीं लिया जाएगा। डीईओ एवं नोडल पदाधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इन नामांकित होनेवाले छात्र-छात्राओं से नवसंस्थान की ओर से कोई अवैधानिक शुल्क न वसूला जाए। बताते चलें कि छह अंगीभूत कॉलेजों के छात्र-छात्राओं की शिफ्टिंग जिले के विभिन्न 12 प्लस टू स्कूलों समेत इंटर कॉलेज में किया जा रहा है।

जैक ने कहा है कि 11वीं या 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का नामांकन उनकी सुविधानुसार निकटतम पांच किमी की परिधि में मान्यता प्राप्त प्लस टू, स्थापना अनुमति, प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर कॉलेजों में कराना सुनिश्चित करें। किसी तरह की असुविधा होने पर जैक से संपर्क करें। 11वीं कक्षा की परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्रों का नामांकन कक्षा 12 में तथा परीक्षा में अनुत्तीर्ण या परीक्षा में अनुपस्थित छात्र-छात्राओं का नामांकन कक्षा 11 में कराया जाना है। आदेश की नहीं करें अवहेलना जैक ने कहा है कि इन छात्रों के नामांकन संबंधित निर्णय हाईकोर्ट से पारित न्यायादेश के आलोक में लिया गया है। इस आदेश की अवहेलना नहीं किया जा सकता है। न ही इस प्रक्रिया में किसी भी तरह का अवरोध स्वीकार्य होगा। इस कारण कक्षा के संचालन के समय में नवनामांकित छात्रों को किसी भी तरह की अनावश्यक परेशानी खड़ा करने की शिकायत मिलने पर संबंधित प्राचार्य जिम्मेवार माने जाएंगे। विभाग स्तर से इस संबंध में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 30 जुलाई तक पूरी होगी स्थानांतरण प्रक्रिया जैक के अनुसार प्रत्येक अंगीभूत कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक नोडल पदाधिकारी (बीईईओ से न्यून नहीं) डीईओ नामित करेंगे। डीईओ 15 जुलाई तक नामांकन के लिए निकटवर्ती संस्थान का आवंटन करेंगे।

## दुमका में बाइक सवार कांवरियों को कार ने रौंदा, दो गंभीर रूप से घायल, इलाज के लिए बंगाल रेफर

संवाददाता

**दुमका :** रामपुरहाट एन एच 114 अ के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सरसडंगाल में एक कार ने बाइक को रौंद डाला। इस हादसे में बाइक सवार दो कांवरिया जो पूजा - अर्चना के लिए तारापीठ जा रहे थे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीक के बीरभूम जिला के रामपुरहाट के अस्पताल में भेजा।

दरअसल बिहारशरीफ के पांच कांवरिया जो दो बाइक में सवार थे, वे शनिवार सुबह देवघर और फिर बासुकीनाथ में जलार्पण कर दुमका के रास्ते तारापीठ जा रहे थे। इसी बीच सरसडंगाल में एक कार ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में राजीव मालाकार और टिंकू कुमार गंभीर रूप से घायल हुए। उनके साथ की एक और बाइक जिस पर तीन लोग सवार थे, वे कुछ आगे निकल गए थे



लेकिन जब उन्होंने देखा कि पीछे वाली बाइक नहीं आ रही है तो उन्होंने यू टर्न लिया और घायलों के पास पहुंचे। इधर पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि बाइक सवार श्रद्धालुओं को एक कार ने कुचल दिया है, जिसमें दो युवक घायल हुए हैं। घायलों को हम लोगों ने इलाज के लिए नजदीक के रामपुरहाट अस्पताल में भेजा है। उन्होंने बताया कि कार में चार-पांच लोग सवार थे जो बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले थे और वे भी तारापीठ से पूजा कर दुमका के रास्ते अपने घर जा रहे थे।

एक्सीडेंट करने के बाद कार तेजी से भाग रही थी लेकिन हम लोगों ने आगे के चेक पोस्ट को खबर कर उसे पकड़ा है। फिलहाल कार को जब्त कर शिकारीपाड़ा थाना में लाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।